नई दिल्ली, शुक्रवार 12 जनवरी 2024 ■ पौस मास शुक्ल पक्ष- 01 ■ वर्ष : 27, अंक : 278 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 17, न्यून. 07 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पीएम नरेंद्र मोदी आज करेंगे उद्घाटन

प्रवासी पक्षी फ्लेमिंगो को दिक्कत न हो, इसके लिए पुल के बगल में साउंड बैरियर लगाए गए

मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ेगा 21 हजार करोड़ की लागत से बना मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक यानी अटल बिहारी बाजपेयी सेतु

# समंदर पर बना 'देश का सबसे लंबा' पुल!

1 मुंबई में शिवडी से नवी मुंबई के चिरले तक पुल 22 किलोमीटर लंबा

2 100 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगे वाहन

3 जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे हर गाड़ी पर नजर रखेंगे

4 इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम, देश का सबसे एडवांस सिस्टम इसमें 400 कैमरे लगे

5 विशेष जापानी तकनीकी ऑर्थोट्रोपिक स्टील डेक का इस्तेमाल किया गया

6 यह पूरी तरह से भूकंप रोधी, इस पुल की 100 साल की उम्र


DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
— DHIRAJ DHIR GROUP —
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का परिणाम: इंदौर लगातार सातवीं बार देश में पहले स्थान पर

# स्वच्छतम शहर की ये दो 'सूरत'

## देश में इंदौर और सूरत को स्वच्छतम शहरों में 'पहला स्थान'



राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू विजेता शहरों के प्रतिनिधियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राप्त किया प्रदेश का पुरस्कार...

इस बार कुल 9500 अंक का सर्वेक्षण हुआ। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस पर 4525 सर्टिफिकेशन पर 2500 और पब्लिक फीडबैक पर 2475 अंक दिए गए

स्वच्छतम शहरों में महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्रप्रदेश का विशाखापट्नम चौथे व मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवे नंबर पर रहा

देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला मध्यप्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्लीध/भोपाल

केंद्र सरकार ने गुरुवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में सातवीं बार इंदौर पहले स्थान पर रहा। सूरत को भी इंदौर के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला।

महाराष्ट्र का नवी मुंबई तीसरे, आंध्र प्रदेश का विशाखापट्टनम चौथे और मध्यप्रदेश का भोपाल पांचवें नंबर पर रहा। वहीं, ▸▸ शेष पेज 5 पर

### राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत हुआ स्वच्छ छत्तीसगढ़, पाटन को द्वितीय पुरस्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ को देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में तृतीय पुरस्कार व पाटन को सबसे स्वच्छ शहर की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पुरस्कार ग्रहण किया। कार्यक्रम में आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल रहे। केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ▸▸ शेष पेज 5 पर



### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा

## केंद्र सरकार व संगठनों ने इस मिशन को 'आंदोलन' बनाया

*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार तथा अन्य संगठनों ने देश में स्वच्छ भारत मिशन को महत्वपूर्ण आंदोलन बनाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, इससे जुड़े लाखों लोगों को आजीविका प्रदान करता है। उन्होंने देश के युवा वर्ग से भारत को विश्व में स्वच्छ देश बनाने की दिशा में योगदान देने की अपील की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह मिशन एक आंदोलन बन* ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कहा-प्रदेशवासियों व स्वच्छता मित्रों को बधाई पीएम के कुशल मार्गदर्शन से इंदौर ने रिकॉर्ड बनाया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 'टीम मध्यप्रदेश' ने पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों, जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता मित्रों को बधाई देते हुए उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इंदौर का लगातार सातवीं बार स्वच्छता के शिखर पर पहुंचने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन को जाता है। यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश स्वच्छता के संकल्प ▸▸ शेष पेज 5 पर



## खबर संक्षेप

### पीएम आज करेंगे युवा महोत्सव का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे। फिर प्रदेश में 30,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी मुंबई ट्रांस-हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। जिसे अब 'अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु' नाम दिया गया है। 17,840 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इसका निर्माण किया गया है। मोदी ने दिसंबर, 2016 में इस पुल की आधारशिला रखी थी।



### बाल-बाल बचीं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती

**जम्मू।** पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती की स्कॉर्पियो कार गुरुवार को हादसे का शिकार हो गई। महबूबा श्रीनगर से अनंतनाग जिले के लिए रवाना हुई थीं अनंतनाग के संगम बिजबेहड़ा के पास उनकी कार हादसे का शिकार हो गई, बताया गया है कि मुफ्ती अग्नि पीड़ितों से मिलने के लिए अनंतनाग के खानबल जा रही थीं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि इस हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है और सभी सुरक्षित हैं। वहीं नेशनल कॉन्फ्रेस के उमर अब्दुल्ला ने हादसे की जांच की मांग की है।



### भारत ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया

**मोहाली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला गया। इसमें टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान के खिलाफ मिली जीत के साथ ही टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया।



### चरमपंथियों के वोट के लिए कांग्रेस ने किया राम मंदिर का बहिष्कार:त्रिवेदी

# कांग्रेस गांधी की नहीं नेहरु की पार्टी, इसलिए अस्वीकार किया राम मंदिर का निमंत्रण: भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस द्वारा राम मंदिर निमंत्रण को अस्वीकार करने पर भाजपा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि कांग्रेस गांधी की नहीं, नेहरु की पार्टी है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कांग्रेस ने अनेक अवसरों पर बहिष्कार किया है और जनता उनका सत्ता से बहिष्कार कर रही है।

उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी भी अच्छे से अच्छे अनुष्ठान में विघ्न उत्पन्न करके संतोष प्राप्त करने वाली प्रवृति की परिचायक कांग्रेस के साथ पता नहीं कौन सी समस्या है कि भारत का इतिहास जब-जब करवट ले रहा होता है, तब-तब वो उस अवसर के साथ खड़े न होकर उसका बहिष्कार करते हैं। भाजपा प्रवक्ता त्रिवेदी ने कहा कि जब सोमनाथ मंदिर की प्राण



प्रतिष्ठा हो रही थी, तो जवाहरलाल नेहरू ने 24 अप्रैल, 1951 को उस समय सौराष्ट्र के प्रमुख को लिखा था कि इस कठिन समय में इस समारोह के लिए दिल्ली से मेरा आना संभव नहीं है। कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। कांग्रेस ने जी20 समिट का बहिष्कार किया। 2004 के बाद 2009 तक कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस का बहिष्कार किया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में मई 1998 में किये गये पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कांग्रेस ने 10 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के भारत रत्न समारोह का भी बहिष्कार किया था। जनता भी उनका सत्ता से बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि ये नेहरू की कांग्रेस है, ये गांधी की कांग्रेस नहीं है। महात्मा गांधी 'रघुपति राघव राजा राम' गाते थे और आज कांग्रेस 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह में शामिल नहीं हो रही है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस हिंदू धर्म और हिंदुत्व के खिलाफ है।


सुधांशु त्रिवेदी ने आगे कहा कि जब सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, तो जवाहरलाल नेहरू जी ने 24 अप्रैल, 1951 को उस समय सौराष्ट्र के प्रमुख को लिखा था कि 'इस कठिन समय में इस समारोह के लिए दिल्ली से मेरा आना संभव नहीं है। मैं इस पुनरुत्थानवाद से बहुत परेशान हूं, मेरे लिए बहुत कष्टकारक है कि मेरे राष्ट्रपति, मेरे कुछ मंत्री और आप सोमनाथ के इस ▸▸ शेष पेज 5 पर

### रिक्टर स्केल पर 6.1 रही तीव्रता

## दिल्ली-एनसीआर में फिर भूकंप के झटके

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार दोपहर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके का अहसास होते ही लोग घरों से बाहर के लिए दौड़े। ऑफिसों में काम कर रहे लोग भी कामकाज छोड़कर इमारतों से बाहर आ गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 रही। भूकंप का केंद्र पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर था। फिलहाल कहीं से भी जान-माल की हानि की सूचना नहीं है। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर समेत जम्मू-कश्मीर के पूंछ इलाके में भी महसूस हुए।



■ फिलहाल जानमाल का नुकसान नहीं

**क्यों आता है भूकंप?:** पृथ्वी के अंदर 7 प्लेट्स हैं, जो लगातार घूमती रहती हैं। जहां ये प्लेट्स ज्यादा टकराती हैं, वह ▸▸ शेष पेज 5 पर

### शीतकालीन सत्र में हुआ था जमकर हंगामा

## एक को संसद में अंतरिम बजट होगा पेश, 9 फरवरी तक चलेगा सत्र

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। 9 फरवरी तक बजट सत्र चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को बजट सत्र की शुरुआत के साथ संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। नई सरकार बाद में पूर्ण बजट पेश करेगी।वर्तमान लोकसभा का



कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। इस कारण आम चुनाव की घोषणा से पहले यह सत्रहवीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनावों की घोषणा ▸▸ शेष पेज 5 पर


USHA MARTIN UNIVERSITY
Approved by: UGC | AIU | PCI | BCI | AICTE | INC
Announces
Ph.D Entrance Exam
Application Invited for
Full-Time/Part-Time Ph.D Admission
Ph.D Programmes For January 2024 Batch
Computer Science | Law | Management | Education | Pharma | Journalism & Mass Communication | Mathematics | Microbiology | Biotechnology | English | Physics | Chemistry | Commerce | Mechanical | Agriculture | Nursing
upto 30,000 per month fellowship available
Last date of Submission of Application Form 16th Jan 2024
Date of Entrance Test on 21st Jan 2024
At Village Narayansoso, Near Angara Block Office, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi
Call Now: +91 8956 226 200, 8055 200 400
www.umu.ac.in
APPLY NOW


### इस मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से किसी तरह की ग्रह बाधा नहीं होती, विश्व में भारत के गुरुत्व को बल मिलेगा

इस प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में करीब 7000 से अधिक गणमान्य साक्षी बनेंगे

# संजीवनी मुहूर्त में संपन्न होगा श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, कुल 7 दिन तक चलेगा 'अनुष्ठान'

### राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह कुल सात दिन तक चलेगा। प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरू होगा और 22 जनवरी को संपन्न होगा। यह अनुष्ठान संजीवनी मुहूर्त में 84 सेकंड में पूरा किया जाएगा। ज्योतिष विद्वानों के मुताबिक संजीवनी ▸▸ शेष पेज 5 पर




### पीएम मोदी रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे

नवनिर्मित अयोध्या राम मंदिर में श्री रामलला बाल स्वरूप में विराजेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रामलला विग्रह की आंखों में काजल और भाल पर तिलक लगाने के बाद उन्हें दर्पण दिखाएंगे और फिर महाआरती के साथ मंदिर में रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होगा। 22 जनवरी की मध्याह्न मृगशिरा नक्षत्र में 12 बजकर 29 मिनट ▸▸ शेष पेज 5 पर



### ऊर्जा मंत्री तोमर बोले

## 22 जनवरी को गुल नहीं होगी चाहिए बिजली

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि 22 जनवरी को प्रदेश में कहीं भी बिजली गुल नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अयोध्या धाम में श्री रामलला के मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस कार्यक्रम का ▸▸ शेष पेज 5 पर

# खून उपलब्ध करवाने का झांसा देकर ठगी, जालसाज अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले की साइबर टीम ने जरूरतमंदों के लिए खून की व्यवस्था करने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम त्रिलोकपुरी निवासी साहिल कुमार (22) बताया गया है। इसके पास से दो मोबाइल फोन जब्त हुये हैं। आरोपी एप के जरिये लोगों को झांसे में लेता था। एडवांस पैसे लेकर बाद में और डिमांड करता था। डिमांड पूरी नहीं होने पर पहले के पैसे भी वापस नहीं करता था।

डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार नांगलोई क्षेत्र निवासी शख्स ने शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि उनकी मां मैक्स अस्पताल में भर्ती थी। उसके लिए चार यूनिट खून की जरुरत थी। इसके लिए उसने यू ब्लड एप पर रिक्वेस्ट पोस्ट की थी। साहिल कुमार नामक शख्स ने उनसे संपर्क कर प्रति यूनिट 200 रुपए की मांग की। पीड़ित ने पैसों का भुगतान कर दिया। एक घंटे बाद जब डॉक्टरों ने खून की मांग की तो पीड़ित ने साहिल से दोबारा संपर्क साधा। इसके बाद वह हजार रुपए की और मांग करने लगा। पीड़ित ने रुपये नहीं दिए और पहले भेजे 800 वापस मांगे। इसके बाद आरोपी ने फोन बंद कर लिया था। पुलिस को पता चला कि यू ब्लड के नाम पर रजिस्टर्ड एयरटेल पेमेंट बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी ने यू ब्लड एप में अपनी मेल आईडी और मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रर्ड कराया था। इस सुराग के मिलने के बाद पुलिस ने उसे त्रिलोकपुरी क्षेत्र से दबोच लिया। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया उसने 8-9 महीने तक नोएडा के सन फार्मा लैब और क्लियांथा रिसर्च सेंटर में काम किया था। उसे पता चला कि यू ब्लड एप में पंजीकरण करके रक्तदान किया जा सकता है। इस प्रकार उसने एप पर प्रोफाइल बनाई। इसके बाद उसे रक्तदान के लिए फोन आने लगे और उसने ठगी का धंधा शुरू कर दिया।



## क्लब फायरिंग में शामिल रहा बवाना गैंग का गुर्गा पकड़ा

**नई दिल्ली।** नीरज बवाननिया और नवीन बाली गैंग के एक बदमाश को स्पेशल सेल ने अरेस्ट किया है। आरोपी सोनीपत निवासी अखिल उर्फ माया (28) पर हत्या के प्रयास, डकैती, धमकी और आर्म्स एक्ट जैसे सात मामले दर्ज पाये गये। इसके पास से .315 बोर की एक सिंगल शॉट पिस्टल और एक कारतूस बरामद हुआ हैं। राजौरी गार्डन के एक क्लब में फायरिंग में भी यह शामिल था। स्पेशल सीपी एचजी एस धालीवाल के अनुसार राजौरी गार्डन एरिया के एक क्लब में हुए शूटआउट केस में अखिल वांटेड था। इसके बारे में मिले इनपूट पर एसीपी वेदप्रकाश की टीम ने उसे सेक्टर 18 रोहिणी से पकड़ा। आरोपी नीरज व नवीन बाली गैंग के मुकेश उर्फ भोला का करीबी बताया गया है। पिछले महीने 15 दिसंबर को इसने अपने 5-6 साथियों के साथ राजौरी गार्डन इलाके के हैंगओवर क्लब में फायरिंग की थी। इस केस में एक आरोपी पहले गिरफ्तार हो चुका है।

## आग से बचने के लिये युवती ने लगाई दूसरी मंजिल से छलांग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में एक मकान के मीटर में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। एक लड़की ने जान बचाने के लिए दूसरी मंजिल से छलांग लगा ली। गंभीर हालत में उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया है। लड़की की कमर में चोट आई है। पुलिस के अनुसार लड़की लक्ष्मी नगर में यूपीएससी की तैयारी कर रही है। घटना की सूचना पुलिस को सुबह नौ बजे मिली। मयूर विहार थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां 19 साल की लड़की घायल मिली। उसे लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उसे एलएनजेपी रेफर कर दिया गया। लड़की का नाम पूर्वा बताया गया है। वह चिल्ला गांव की रहने वाली है।


## नीलामी नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला रोहतक में Motor Vehicle Act के अधीन विभिन्न थानों में पकडे गए मुकदमाजात से सम्बन्धित 622 Unclaimed (लावारिस) वाहनों की नीलामी E-Auction India Portal के माध्यम से Online दिनांक 10-01-2024 को होनी थी। परन्तु दिनांक 10-01-2024 को E-Auction India Portal की तकनीकी त्रुटि के कारण उक्त नीलामी सफल नहीं हो सकी। अतः इच्छुक पात्र बोलीदाता NIC E-Auction Portal i.e. https//eauction.gov.in में भाग ले सकते है। नीलामी की सभी नियम व शर्तें पोर्टल पर ही उपलब्ध हैं। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी के लिए जिला नजारत शाखा कमरा नं. 120 प्रथम तल उपायुक्त कार्यालय, रोहतक में सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/- अतिरिक्त उपायुक्त-एवं-अध्यक्ष,
जिला कण्डमनेशन बोर्ड, रोहतक

पीआरडीएच-1029/11/405/2024/24120/88/7 दि. 11.01.24


# एक दर्जन पिस्टल और 30 कारतूस जब्त

# अवैध हथियारों के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने अवैध हथियारों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 पिस्टल और 30 कारतूस बरामद हुये है। पकड़े गये दोनों आरोपी कई जघन्य मामलों में शामिल रहे हैं। इन्होंने जनता में आतंक पैदा करने के लिए हथियारों का जखीरा खरीदा था। आरोपियों की एक स्विफ्ट डिजायर कार भी पुलिस ने कब्जे में ली है।

डीसीपी मनोज कुमार मीणा के अनुसार एंटी-नारकोटिक्स सेल को वांछित अपराधियों, विशेष रूप से सक्रिय गिरोह के सदस्यों, हथियार आपूर्तिकर्ताओं, लुटेरों, स्नैचरों और स्ट्रीट क्राइम और नशीली दवाओं के तस्करों की धरपकड़ में लगाया गया है। हाल ही में हेड कांस्टेबल राकेश सिंह को उनके एक विश्वसनीय स्रोत के माध्यम से सूचना मिली कि मेरठ का रहने वाला अनुज अवैध हथियारों की आपूर्ति करने के लिए मौरिस नगर क्षेत्र में आएगा। वह दो व्यक्तियों धर्मपाल और सुमित को खेप सौंपेगा। अगर समय रहते छापेमारी की जाए तो बड़ी संख्या में अवैध हथियार और गोला-बारूद के साथ उन्हें पकड़ा जा सकता है। तुरंत पुलिस टीम बिना कोई समय बर्बाद किए सूचना के स्थान पर पहुंची और वहां जाल बिछा दिया। शाम लगभग पौने सात बजे दो संदिग्ध एक स्विफ्ट डिजायर कार में नजर आये। हरियाणा नंबर की कार दिल्ली यूनिवर्सिटी मेट्रो स्टेशन, रिंग रोड की ओर से और रग्बी स्टेडियम, दिल्ली यूनिवर्सिटी की ओर जा रही थी। कार कोठी नंबर 04, कैवेलरी लेन, डॉ. जीसी नारंग मार्ग के सामने रुकी। इसी बीच एक व्यक्ति दिल्ली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन की तरफ से बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पर आया। मुखबिर के इशारे पर सभी संदिग्धों की पहचान धर्मपाल, सुमित और अनुज के रूप में की गई। स्कूटी सवार के कार वाले को बैग थमाते ही पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और सभी को काबू करने की कोशिश की। थोड़ी देर की झड़प के बाद, उपरोक्त व्यक्तियों को एएनएस की टीम ने पकड़ लिया। लेकिन स्कूटी सवार किसी तरह मौके का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। सुमित और धर्मपाल के पास से दो सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टौल के साथ 10 कारतूस बरामद हुये। कार की तलाशी लेने पर बैग मिला। उसमें से 10 सिंगल शॉट पिस्टल और .32 बोर के 20 कारतूस मिले। इस संबंध में मौरिस नगर थाने में केस दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि उन्हें अवैध हथियार अनुज से मिले थे और आगे उन्हें हरियाणा के रहने वाले मुन्नी को आपूर्ति किया जाना था। हथियारों के स्रोत अनुज और रिसीवर मुन्नी को पकड़ने के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं।



## सील बैंक्वेट हाल के अंदर चल रहा है अवैध निर्माण का कार्य

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध निर्माण कार्य व कृषि भूमि पर हो रही प्लॉटिंग पर इन दिनों दिल्ली नगर निगम द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पीला पंजा चलाया जा रहा है। वहीं, दूसरी तरफ एक सील महफिल बैंक्वेट हॉल के भीतर अवैध निर्माण कर फ्लैट बनाए जा रहे हैं। उत्तरी दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र यादव व भ्रष्टाचार मुक्त दिल्ली संस्था के महामंत्री विजेन्द्र यादव ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह बैंक्वेट हॉल लगभग एक एकड़ जगह में है। इसमें से कटिंग करके नये फ्लोर व फ्लैट बनाये जा रहे है। जबकि इसका नक्शा एमसीडी से पास नहीं है। बैंक्वेट हॉल पूरा सील किया गया था। सील होने के बाद यहां पर किसी तरीके से निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए, यहां पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण किया जा रहा है और न्यायालय के निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा हैं। यादव ने बताया कि इस महफिल बैंक्वट हॉल के खिलाफ दिल्ली के उपराज्यपाल, दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, एमसीडी आयुक्त आदि कई विभाग प्रमुखों को लिखित में शिकायत दर्ज करवाई है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस निर्माणाधीन कार्य को तत्काल प्रभाव से रूकवाया जाये और अवैध निर्माण को ढ़हाया जाये ताकि जान माल की हानि न हो सके। उन्होंने आगे बताया कि बैंक्वेट हॉल में दो बेसमेंट बने हैं। उनमें बारिश का पानी भरा था, इसलिए इसकी नीव खतरनाक जोन में है, अगर यहां पर जानमाल की हानि होती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा।


## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तों **(1) विजय, पुत्र अमर सिंह, पताः मकान नं. 17, डी—ब्लॉक, गली नं. 3, सुल्तानपुरी, दिल्ली (2) करण उर्फ राज पुत्र राजकुमार, पताः मकान नं. 273, प्रेम नगर फर्स्ट, किराड़ी सुलेमान नगर, दिल्ली ने एफआईआर सं. 433/2019 धारा 33/38/52 डी एक्स एक्ट के तहत थानाः पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उनहोंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिये गये हैं कि उक्त **(1) विजय (2) करण उर्फ राज** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) विजय (2) करण उर्फ राज** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 433/2019 धारा 33/38/52 डी एक्स एक्ट के तहत थानाः पश्चिम विहार, दिल्ली के उक्त (1) विजय (2) करण उर्फ राज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अंकित करण सिंह**
**महानगर दण्डाधिकारी—08**
**कमरा नं. 30,**
**भूतल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/83/OD/2024



## सार्वजनिक सूचना

**अग्रसैन धर्मार्थ ट्रस्ट, भूपथवाला – हरिद्वार**, रजि. पताः अशोक विहार, दिल्ली के वर्तमान पदाधिकारियों द्वारा सूचित किया जाता है कि यह ट्रस्ट 1995–96 में बना था। जब से अब तक इस ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों व कुछ ट्रस्टीयों की मृत्यु हो चुकी है व कुछ ट्रस्टीयों ने अपना स्थान / पता बदल लिया है जिसकी हमे जानकारी नही दी है, जिस कारण हम कई ट्रस्टीयों से समपर्क नहीं कर पा रहे है, अगर वे ट्रस्टी / नॉमिनी जिनका हमें पता नही है, वे इस सार्वजनिक सूचना को पढ़े तो उनसे निवेदन है कि हमसे यथा शीध्र समपर्क करे, जिससे कि इस महीने दि. 28.01.2024 को ट्रस्ट की होने वाली आम सभा में उन्हें बुलाने के लिये विधिवत सूचना / निमंत्रण भिजवाया जा सके व भविष्य में आवश्यकतानुसार सूचना भिजवाई जा सके / सम्पर्क किया जा सके।

पवन मित्तल (प्रधान)

गोपाल गोयल (महामंत्री)
मो. 9810157736


# सोशल मीडिया पर खुद को पायलट बताकर लड़कियों से ठगी करने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को पायलट बताकर लड़कियों से दोस्ती और फिर शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले एक जालसाज को शाहदरा जिले की साइबर टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी नितिन कुमार गौड़ (25) 12वीं कक्षा तक पढ़ा है। वह पहले एक साड़ी की दुकान में सेल्समैन का काम करता था, लेकिन इसके साथ ही उसने ठगी का धंधा भी शुरू कर दिया था। अभी तक की जांच में तीन महिलाओं से साढ़े 13 लाख रुपए ठगे जाने की बात सामने आ चुकी है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर 15 लाख से ज्यादा के मनी ट्रेल का खुलासा किया है।

डीसीपी रोहित मीना के अनुसार 31 अक्टूबर 2022 को एक महिला ने साइबर पुलिस स्टेशन में चीटिंग का केस दर्ज कराया था। बताया गया था कि उसे स्पर्श शर्मा नामक शख्स की फेसबुक रिक्वेस्ट मिली थी। इस प्रोफाइल में उसने खुद को भारतीय वायुसेना में पायलट बता दोस्ती की और फिर शादी का झांसा दिया। बाद में आरोपी ने उसे बताया कि कुछ तकनीकी समस्या के कारण आयकर विभाग ने उसका बैंक खाता फ्रीज कर दिया है, इसलिए उसके सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। ऐसे में उसने मदद मांगी। शिकायतकर्ता ने लगभग डेढ़ वर्ष की अवधि में 11 लाख रुपये उसे ट्रांसफर किये। बाद में पीड़िता को युवक की भूमिका पर संदेह हुआ तो उसने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरु कर दिया। साथ में धमकी दी कि अगर वह उसकी शिकायत पुलिस में करेगी तो उसे सोशल मीडिया पर बदनाम कर देगा। जांच के दौरान पुलिस ने टैक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई और पकड़ लिया। आरोपी के बैंक खाते की डिटेल चैक करने पर पता चला वह कई अन्य युवतियों के साथ भी इस तरह का फ्रॉड कर चुका है। आरोपी फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर उसमें खुद को पायलट होने का दावा करता था। इससे पहले दो अन्य पीड़ितों से भी डेढ़ और एक लाख रुपए ठग चुका है।



तीन महिलाओं से साढ़े 13 लाख रुपए ठगे

# बुजुर्ग महिला की हत्या और लूट में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सिविल लाइन क्षेत्र में लूट व बुजुर्ग महिला की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम उमेश खारी बताया गया है। इसके खिलाफ दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज पाए गए है।

पुलिस के अनुसार स्पेशल स्टाफ और सिविल लाइंस थाने की संयुक्त टीम ने आरोपी सैंकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद गिरफ्तार किया है। यह घटना गत वर्ष 17 दिसंबर को मजनूं का टीला इलाके में सामने आई थी। एक बुजुर्ग महिला को घायल करके लूटपाट की गई थी। महिला अपने बेटे की कुछ बीमारियों का इलाज कराने के लिए दिल्ली आई थी। आरोपी बाइक पर सवार था और शिकायतकर्ता की मां कुनसांग चाकी ई-रिक्शा में यात्रा कर रही थी। उसी दौरान आरोपी ने उनके हाथ से बैग छीन लिया था। इस घटना में महिला ई-रिक्शा से नीचे गिर गई थी। उसके सिर में चोट लगी थी। उपचार के दौरान 21 दिसंबर को उसकी मृत्यु हो गई थी। केस में धारा 302 जोड़ी गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मोटरसाइकिल के नंबर की पहचान कर उसके मालिकों का डेटा हासिल किया। बाइक का मालिक दिल्ली में दर्ज कई लूट के मामलों में शामिल पाया गया। उसके साथी की पहचान उमेश खारी के रूप में हुई। वह अपने घर से फरार मिला। जब उमेश खारी का आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो वह भी दिल्ली और यूपी के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज लूट और स्नैचिंग के कई मामलों में शामिल पाया गया। आरोपी के बारे में पता चला कि वह लोनी के एक मामले में आत्मसमर्पण कर चुका है। उसे दिल्ली लाकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। उमेश खारी लोनी का रहने वाला है। वह पांच लड़कियों का पिता है। इसने 2003-04 से स्नैचिंग करना शुरू किया था और बहुत कम मौकों पर पकड़ा गया है। उसे नई और महंगी मोटरसाइकिलों का भी शौक है। इसकी एक गर्लफ्रेंड भी है जिसके साथ वह लिव-इन में रह रहा था।



## छतरपुर में युवक को गोली मारी, परिवार का रिश्तेदारों पर आरोप

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के छतरपुर इलाके में बुधवार देर रात एक कैट एंबुलेंस के ड्राइवर को गोली मार दी गई। उसे गंभीर हालत में एक्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। परिवार ने युवक की बहन के ससुरालवालों पर वारदात में हाथ का आरोप लगाया है। पुलिस संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार घायल का नाम इकरार है। वह संगम विहार का रहने वाला है। इकरार के भाई ने बताया कि रात तीन बजे के आसपास उसके पास इकरार के साथ में काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ ने कॉल करके बताया कि इकरार के साथ एक्सीडेंट हो गया है। वह तुरंत अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि इकरार को गोली मारी गई है। गोली उसकी जांघ में लगी है। इकरार से परिवारवालों का शक है कि गोली उसकी बहन के ससुराल वालों ने मारी है। उनके साथ एक साल से विवाद चल रहा है। परिवार वालों के अनुसार इकरार की बहन की शादी के बाद से ही तलाक को लेकर मामला चल रहा है। तारीख पर इकरार ही अक्सर जाता था। इकरार के भाई ने आरोप लगाया कि हम लोगों ने पहले ही पुलिस को शिकायत दी थी कि बहन के ससुराल वालों से जान का खतरा है। लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। परिवार के अनुसार पहले भी एक बार हमले का प्रयास किया जा चुका है। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला कि रात को इकरार ड्यूटी पर था। उसी दौरान बाइक पर सवार दो लोगों ने इकरार पर गोली चलाई। महरौली थाने की पुलिस केस दर्ज कर हमलावरों की तलाश में जुटी है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई–मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | 4 अदद लिफ्टों का एसआईटीसी और डीडीई बिल्डिंग में विकलांगता अध्ययन केन्द्र हेतु लिफ्ट पिट का निर्माण और फैकल्टी हाउस, सीबीटी और शारीरिक शिक्षा विभाग, एमडीयू रोहतक में मौजूदा लिफ्ट पिट्स में विविध कार्य (सिविल एवं वैद्युत कार्य)। | 10.01.2024 30.01.2024 | 100.48 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |
| 2 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | एमडीयू रोहतक में सांख्यिकी में स्मार्ट क्लास रूम हेतु डेस्क, बैंचेज की आपूर्ति। | 10.01.2024 30.01.2024 | 8.99 लाख | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |
| 3 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | प्रवासी निर्माण कामगार बनने के इच्छुक उम्मीदवारों की कौशल परीक्षा आयोजित करने हेतु टूल्स/ इक्यूपमेंट्स/मैटीरियल्स की अधिप्राप्ति हेतु दर अनुबंध। | 09.01.2024 16.01.2024 | ईएमडी 15000/- | https://mdurohtak. https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in | 9991366698 xen.civil@mdurothak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/24127/I/88/7 दि. 11.01.24



## एसएनएस प्रोपर्टीज एंड लीजिंग लिमिटेड

पंजी. कार्यालय : डी2–11, बुध विहार, फेज–1, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली–110086
CIN: L65922DL1985PLC020853; Email: sarthak9452@gmail.com
Website: http://www.snsind.com/

### डाक मतदान की सूचना

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमों, 2014 ("नियमों") के नियम 20 और नियम 22 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और धारा 110 और अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों और नियमों, के साथ कम्पनी मामलों का मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") द्वारा जारी सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 22/2020 दिनांक 15 जून, 2020, 33/2020 दिनांक 28 सितम्बर 2020, 39/2020 दिनांक 31 दिसम्बर 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022 और 09/2023 दिनांक 25 सितंबर 2023, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के नियनन 44, इंस्टीटयूट ऑफ कम्पनी सैक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों ("एसएस-2") पर सचिवालयी मानक और अन्य लागू कानूनों, नियमों और नियमनों (किसी वैधानिक रूपांतरण अथवा समय-समय पर लागू उसके पुनः क्रियान्वयन और समय-समय पर संशोधित समेत) के अनुसरण में एतद द्वारा सूचना दी जाती है। निम्नलिखित मामलों के लिए इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से डाक मतदान (दूरस्थ ई–वोटिंग) द्वारा कम्पनी के शेयरधारकों का अनुमोदन लेने के लिए डाक मतदान सूचना दिनांक 11 जनवरी 2024 केवल इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से 11 जनवरी 2024 को उन शेयरधारकों को प्रेषित कर दी गई है जिनके नाम मंगलवार, 09 जनवरी 2024 (कट ऑफ तिथि) के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मेनटेन किए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर और/अथवा सदस्य के रजिस्टर में दर्ज है :-

| क्र सं. | प्रस्ताव के प्रकार | प्रस्ताव |
|---|---|---|
| 1. | विशेष/ सामान्य | 1. कंपनी के निदेशक के रूप में अतिरिक्त निदेशक, श्री प्रकाश चंद्र पारीक (डीआईएनः 01507921) का नियमितीकरण<br>2. कंपनी के निदेशक के रूप में अतिरिक्त निदेशक, श्री सार्थक अग्रवाल (डीआईएनः 09785554) का नियमितीकरण<br>3. कंपनी के निदेशक (गैर–कार्यकारी और स्वतंत्र) के रूप में अतिरिक्त निदेशक, श्री ऋषभ तलवार (डीआईएनः 10316259) का नियमितीकरण<br>4. कंपनी के निदेशक (गैर–कार्यकारी और स्वतंत्र) के रूप में अतिरिक्त निदेशक, सुश्री अनीशा मलिक (डीआईएनः 09405745) का नियमितीकरण।<br>5. वैधानिक अंकेक्षकों के रूप में मै. मित्तल निर्भय एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नियुक्त करने और उनका पारिश्रमिक तय करने के लिए।<br>6. मौजूदा खंड III कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन का उद्देश्य खंड को बदलने के लिए।<br>7. कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के नए सेट को अपनाना। |

कम्पनी इसके सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए मै. स्काईलाइन फाईनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. ("रजिस्ट्रार", "आरटीए") की सेवाएं ले चुकी है। कम्पनी इसकी इक्विटी शेयर कैपिटल के कुल भुगतान के उनके शेयर होल्डिंग के अनुपात में ई–वोटिंग के माध्यम से उनका मत इलैक्ट्रोनिकली देने के लिए कट ऑफ तिथि अर्थात मंगलवार, 09 जनवरी 2024 के अनुसार या तो भौतिक अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करने वाले कम्पनी के सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। कृपया ध्यान दें कि सूचना की भौतिक प्रति, डाक मतदान प्रपत्र और पूर्व–भुगतान बिजनेस जवाबी लिफाफा इस डाक मतदान हेतु सदस्यों को नहीं भेजे गए हैं। कोई व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, वह सूचना को केवल जानकारी के प्रयोजन हेतु माने। सदस्य जो डाक मतदान सूचना प्राप्त नहीं कर चुके हैं, हमारी वेबसाइट से इसको डाउनलोड कर सकते हैं। दूरस्थ ई–वोटिंग का तरीका डाक मतदान की सूचन में विस्तार में प्रदान किया गया है।

सदस्यों से यह ध्यान देने का आग्रह किया जाता है कि डाक मतदान के माध्यम से वोटिंग और ई–वोटिंग शुक्रवार 12 जनवरी 2024, पूर्वा. 10.00 बजे (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और शनिवार 10 फरवरी 2024 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। इसके पश्चात ई–वोटिंग की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी और इसके पश्चात दूरस्थ ई–वोटिंग मॉड्यूल स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा। एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मतदान कर दिया जाता है तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की उसको अनुमति नहीं दी जाएगी। शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ई–वोटिंग लिंक को लॉगइन करने से पहले डाक मतदान सूचना का भाग बनाते हुए टिप्पणियों में दिए गए ई–वोटिंग निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

निदेशक मंडल ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से डाक मतदान / इलैक्ट्रोनिक वोटिंग आयोजित करने के लिए संवीक्षाकर्ता के रूप में हेमंत कुमार सजनानी एंड एसोसिएट्स के श्री हेमंत कुमार सजनानी (प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव) को नियुक्त किया है। भौतिक मोड में शेयरधारण करने वाले सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के पास अपना ई–मेल पता और मोबाइल नम्बर जमा करवाएं और सदस्य, जो अपना ई–मेल पता अब तक पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, से आग्रह किया जाता है कि कम्पनी से इलैक्ट्रोनिकली सभी संचार प्राप्त करने हेतु अपना ई–मेल पता ई–मेल पता, मोबाइल नम्बर, स्व–सत्यापित पैन प्रति और इलैक्ट्रोनिक फोलियो के मामले में क्लाइंट मास्टर कॉपी तथा फिजिकल फोलियो के मामले में शेयर सर्टिफिकेट की प्रति प्रदान करते हुए आग्रह पत्र की हस्ताक्षरित प्रति की स्कैन की हुई प्रति सहित आरटीए के पास ई–मेल आईडी : info@skylinerta.com पर पंजीकरण करवाएं।

संवीक्षाकर्ता ई–वोटिंग की अन्तिम तिथि से दो कार्य दिवसों के अंदर कम्पनी को अपनी रिपोर्ट जमा करवाएंगे और डाक मतदान का परिणाम तदनुसार घोषित किया जाएगा। परिणाम स्टॉक एक्सचेंजेज को संचारित किया जाएगा और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात http://www.snsind.com/ पर सोमवार, 12 फरवरी 2024 को या इससे पूर्व प्रदर्शित भी किया जाएगा।

ई–वोटिंग के सम्बन्ध में किन्हीं प्रश्नों अथवा मुद्दों के मामले में, सदस्य श्री सरबेश सिंह, स्काईलाइन फाइनैंशियल सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड से सम्पर्क कर सकते हैं टेलीफोन नं. 011-40450193-196, ई-मेल आईडी : info@skylinerta.com अथवा श्री आधिश स्वरूप, कम्पनी के कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी से पंजीकृत कार्यालय में 9810935042 पर अथवा ई–मेल adhishswaroop@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं, जो सदस्य की सम्बन्धित शिकायतों का निपटान करेंगे।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एसएनएस प्रोपर्टीज एंड लीजिंग लिमिटेड
हस्ता/–
आधिश स्वरूप
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
सदस्यता सं. : ए16034

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 11 जनवरी 2024

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत को बनाने में युवा निभाएं अपनी भूमिका : कुलपति

**नई दिल्ली।** विकसित भारत को बनाने में युवा अपनी भूमिका निभाएं। भारत का वर्तमान नेतृत्व समाज को आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से न केवल मजबूत कर रहा है बल्कि भारत को विश्व के सामने एक महाशक्ति के रूप में प्रस्तुत भी कर रहा हैं। युवा पीढ़ी विकसित भारत को तैयार करने में सहयोग करें। अम्बेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर ने अम्बेडकर विश्वविद्यालय द्वारा विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेले के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते उक्त बातें कही। मेले का सफल समापन गुरुवार को हो गया। बता दें कि 10 और 11 जनवरी को आयोजित इस मेले का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अनु सिंह लाठर ने किया था। उनके साथ लंदन की विख्यात प्रवासी साहित्यकार जय वर्मा और दूरदर्शन के वरिष्ठ अधिकारी विश्वमोहन भी उपस्थित थे। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सत्यकेतु सांकृत के निर्देशन में आयोजित इस पुस्तक मेले में देशभर से तीस प्रकाशक शामिल हुए।

### केजरीवाल का गोवा दौरा गणतंत्र दिवस की तैयारियों के कारण स्थगित

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की तैयारियों का आकलन करने के लिए आयोजित गोवा का दौरा गणतंत्र दिवस की तैयारियों के कारण स्थगित कर दिया गया है। पार्टी के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केजरीवाल को गोवा के दो दिवसीय दौरे के लिए बृहस्पतिवार को रवाना होना था। पार्टी के एक सूत्र ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का गोवा दौरा गणतंत्र दिवस की तैयारियों के कारण स्थगित हो गया है। अब वह अगले सप्ताह गोवा जाएंगे।

### एलजी ने लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित

नई दिल्ली। भारत के पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने उनको भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। उपराज्यपाल ने अपन सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए स्व.शास्त्री की पुण्यतिथि पर लिखा कि लाल बहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शत शत नमन। उन्होंने लिखा कि निःस्वार्थ देशहित, निष्ठा और ईमानदारी की अद्भुत मिसाल, शास्त्री जी ने राष्ट्र का नेतृत्व बेहद कठिन परिस्थितियों में सफलतापूर्वक किया। सक्सेना ने लाल बहादुर शास्त्री को महान बताते हुए लिखा कि माँ भारती के इन महान सपूत को भावभीनी श्रद्धांजलि।

## डीयू के मुख्य परिसर में निर्माण का रास्ता साफ

# एलजी ने 2670 पेड़ों के स्थानांतरण और वनीकरण को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के मुख्य परिसर में निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने इस काम की बाधा में आ रहे पेड़ों को स्थानांतरण और वनीकरण को मंजूरी दे दी है। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इस प्रोजेक्टर के आड़े आ रहे 2670 पेड़ों के स्थानांतरण और वनीकरण को मंजूरी दे दी। मुख्य परिसर में अंतर-अनुशासनात्मक शैक्षणिक और अनुसंधान भवन, प्रौद्योगिकी संकाय के लिए शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय भवन और कंप्यूटर



केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

डीयू के उत्तरी परिसर में बनने वाले शैक्षणिक भवनों के लिए 252 पेड़ों के स्थानांतरण-प्रत्यारोपण और 15 पेड़ों के कटाई को मंजूरी दी गई है। स्थानांतरण व कटाई किए जाने वाले 267 पेड़ों के बदले 2670 पौधों का वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके लिए डीयू करीब 1,57,89,000 रुपए की क्षतिपूर्ति अग्रिम रूप से जमा करेगा। करीब 4.8834 हेक्टेयर भूमि के डीएसई परिसर के अंदर अंतर-अनुशासनात्मक शैक्षणिक और अनुसंधान भवन, प्रौद्योगिकी संकाय के लिए शैक्षणिक भवन, पुस्तकालय भवन व अन्य का निर्माण किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि डीयू में होने वाले इन निर्माण में करीब 900 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उपराज्यपाल ने निर्धारित मानदंडों के अनुसार वन विभाग और दिल्ली विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया था। इस मौके पर एलजी को बताया गया था कि परियोजना क्षेत्र स्थल मॉर्फोलॉजिकल रिज क्षेत्र और डीम्ड फॉरेस्ट की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता।

#### लगाए जाएंगे यह पौधे

स्थानांतरण-प्रत्यारोपण या काटे गए पेड़ के बदले नीम, अमलतास, पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद, देसी कीकर और अर्जुन की प्रजातियों के साथ-साथ अन्य देशी प्रजातियां लगाई जाएगी। डीयू ने विश्वविद्यालय के पहले से ही चिन्हित क्षेत्रों में 24,120 वर्गमीटर शुद्ध क्षेत्र में किया गया। दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के तहत 267 पेड़ों के प्रत्यारोपण/स्थानांतरण के लिए एलजी की मंजूरी आवश्यक थी।

# आम आदमी पार्टी ने देश में की काम की राजनीति की शुरुआत : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने देश में काम की राजनीति की शुरुआत की है। यह बात गुरुवार को आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कही है। उन्होंने गुरुवार को गुजरात दौरे का वीडियो शेयर करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आम आदमी पार्टी ने देश में काम की राजनीति की शुरुआत की है।

उन्होंने एक्स पर आगे लिखकर बताया कि हमारे गुजरात दौरे पर गुजरात के हमारे विधायकों ने बताया कि एक साल में उन्होंने क्या-क्या काम किए। इन्होंने पिछले 1 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़कों को लेकर जनता के लिए खूब काम किए हैं। मैंने और भगवंत मान ने विधायकों के साथ बैठकर उनके काम पर विस्तार से चर्चा की। एक्स पर शेयर वीडियो में बताया गया है कि कैमरे के सामने गुजरात के विधायक अपने कामों का हिसाब अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान को दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही अरविंद केजरीवाल अपने संगठन को मजबूत करने में जुट गए हैं।

#### इतिहास में पहली बार विधायक कैमरे पर देंगे अपने काम का हिसाब : राय

इतिहास में पहली बार चुने हुए विधायक अपने काम का हिसाब कैमरे के सामने देंगे। यह बात आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कही है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच पर गुजरात के विधायकों का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें गुजरात के विधायक आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान को कैमरे के सामने अपने काम का हिसाब दे रहे हैं। राय ने कहा कि काम की चर्चा केजरीवाल के साथ कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के सभी विधायक अपने कामों का हिसाब देंगे।

### दिल्लीवासियों के लिए रोजाना मनोरंजन के कार्यक्रम आयोजित करवा रही दिल्ली सरकार : सौरभ

**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों के लिए रोजाना मनोरंजन के कार्यक्रमों का आयोजन दिल्ली सरकार करवा रही है। यह बात गुरुवार को दिल्ली के कला संस्कृति और भाषा विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दिल्ली सरकार का कला संस्कृति और भाषा मंत्रालय रोजाना दिल्लीवालों के लिए अलग-अलग नाटक और मनोरंजन के कार्यक्रम लेकर आ रहा है ताकि आप तनावपूर्ण वातावरण में आनंदित हो सके। उन्होंने लोगों को आमंत्रित करते हुए कहा कि इन कार्यक्रमों में प्रवेश निशुल्क है। सौरभ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम 5.30 बजे मंडी हाउस स्थित लिटिल थियेटर ग्रुप ऑडिटोरियम में 'कंधे पर बैठा था सांप' नाटक का मंचन किया गया। वहीं इसी ऑडिटोरियम में गुरुवार को 6.30 बजे 'रेजंगला' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### पुरस्कार और रैंकिंग प्राप्त करने का श्रेय पूरी एनडीएमसी टीम की कड़ी मेहनत : यादव




नई दिल्ली। स्वच्छता पुरस्कार और रैंकिंग प्राप्त करने का श्रेय पूरी एनडीएमसी टीम की कड़ी मेहनत को जाता है। टीम दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) को बधाई देते हुए एनडीएमसी अध्यक्ष यादव ने कहा कि हम पिछले साल से दो रैंक आगे बढ़कर 9वें से 7वें नंबर पर आ गए हैं। हमें नई दिल्ली को सर्वोत्तम सर्वांगीण सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पण और सुधार के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। अगले साल हमें शीर्ष तीन शहरों में रहने का प्रयास करना चाहिए। वहीं, वहीं, एनडीएमसी उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने टीम एनडीएमसी की शानदार उपलब्धि की सराहना करते हुए हार्दिक बधाई दी है। एनडीएमसी प्रशासन ने गुरूवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में एनडीएमसी को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत अखिल भारतीय श्रेणी में 7वीं रैंक और केंद्र शासित क्षेत्रों (1 लाख से कम श्रेणी ) के भीतर स्वच्छ शहर के रूप में सम्मानित किया गया है। इसके साथ-साथ 5 स्टार कचरा मुक्त शहर रैंकिंग और वाटर प्लस प्रमाणित शहर के रूप में भी सम्मानित किया गया। एनडीएमसी प्रशासन ने बताया कि गुरूवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और भारत सरकार के आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ये पुरस्कार प्रदान किये।

### बुराड़ी मैदान में उर्स कैंप का उद्घाटन

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार द्वारा ख्वाजा गरीब नवाज के 812वें उर्स में जाने वाले जायरीन के लिए उर्स कैंप की शुरुआत गुरुवार से हो गई है। दिल्ली के मंत्री इमरान हुसैन ने गुरुवार को बुराड़ी ग्राउंड में बनाए गए उर्स कैंप का उद्घाटन किया। इमरान हुसैन ने इस दौरान कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के आदेश अनुसार बुराड़ी ग्राउंड में बनाए गए उर्स कैंप का उद्घाटन किया, जायरीन को किसी तरह की कोई परेशानी ना आए अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने के आदेश दिए। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि अलग-अलग राज्यों से आने वाले जायरीन को कैंप में बेहतर से बेहतर सुविधा मिले।

## आज दिल्ली स्वच्छता रैंकिंग में 90वें स्थान पर है : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सीएम केजरीवाल ने दिल्ली को पेरिस बनाने का किया था वादा

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शासन में दिल्ली की स्वच्छता सेवाएं सबसे खराब स्तर पर चली गई हैं। यह देखकर आश्चर्य होता है कि स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में भाग लेने वाले देश के छोटे बड़े शहरों के सर्वेक्षण में राष्ट्रीय राजधानी 90वें स्थान पर है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने स्वच्छता मामले पर गुरूवार को केजरीवाल सरकार को घेरते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने वादा किया था कि जब एमसीडी पर आम आदमी पार्टी का शासन होगा तो हम दिल्ली की स्वच्छता के लिए अतिरिक्त संसाधन देंगे, लेकिन एक साल बाद आज दिल्लीवासी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि आवासीय और बाजार क्षेत्र की सफाई में एमसीडी को असंतोषजनक 59 प्रतिशत अंक मिले हैं, जिसका मतलब है कि सड़कों से मुश्किल से 59 प्रतिशत कचरा हटाया जाता है। इसी तरह सर्वेक्षण में कहा गया है कि एमसीडी दिल्ली के केवल 71 प्रतिशत हिस्से में कचरा संग्रहण करती है, जिससे पता चलता है कि 29 प्रतिशत दिल्लीवासी खुली सड़कों पर कचरा फेंकने के लिए मजबूर हैं। घर-घर से कचरा संग्रहण के आंकड़े जब आवासीय और बाजार क्षेत्र की सफाई के साथ रखकर देखे जाते हैं तो हमें यह समझने का कारण मिलता है कि हम शहर की सड़कों पर कचरे के ढेर क्यों देखते हैं और आरडब्ल्यूए इसकी शिकायत क्यों कर रहे हैं। आज घरों की बैकलेन में शून्य स्वच्छता है।

### अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण अवश्य करवाएं : उपायुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के उपायुक्त वीर सिंह यादव ने बताया कि दिल्ली वासियों को अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण अवश्य करवाना चाहिए। उन्होंने सभी रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन से अनुरोध किया वे अपने सभी सदस्यों/ निवासियों को जागरूक करें कि वह अपने पालतू कुत्तों का पंजीकरण अवश्य करवाएं जिससे जानलेवा बीमारी रेबीज से बचा जा सकता है। दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार अपने पालतू कुत्ते का पंजीकरण अनिवार्य है। इसकी अनुपालना न करने पर मालिक पर कार्यवाही की जा सकती है। अब पंजीकरण आप घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए कुत्ते का रेबीज रोधी टीकाकरण के प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि, कुत्ते की फोटो मालिक के साथ, मालिक का कोई भी निवास व पहचान पत्र व फोटो दस्तावेज अनिवार्य है। इसके लिए पंजीकरण शुल्क मात्र 500 रुपये है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्टिकर कैंपेन में लवली ने लोगों से किया आगे आने का आह्वान

नई दिल्ली। एआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी द्वारा जल्द ही शुरू की जाने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने हिस्सा लिया। लवली ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर एक कार पर खुद अपने हाथों से स्टीकर चिपकाया जिस पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्लोगन लिखा हुआ था। लवली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं व लोगों से आह्वान किया कि आगे आएं और इस यात्रा का हिस्सा बने। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि राहुल गांधी के साथ इस यात्रा में चलने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप में न्याय योद्धा होगा, जो समाज के हर वर्ग व समूह के लिए लड़ाई लड़ेंगे।

## दिल्ली को स्वच्छता में विश्वस्तरीय बनाने के लिए अभी और सुधार की जरूरत

# सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय और एमसीडी प्रभारी एवं विधायक दुर्गेश पाठक ने 'अब दिल्ली होगी साफ' अभियान के तहत शाहदरा दक्षिणी जोन के वार्ड 194 कोंडली क्षेत्र का मैराथन निरीक्षण के दौरान उक्त बातें कही। इस मैराथन सफाई निरीक्षण अभियान के दूसरे दिन उन्होंने कोंडली क्षेत्र में ग्राउंड ज़ीरो पर उतर कर गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट्स (जीवीपी) का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दिल्ली को साफ स्वच्छ रखना है। इस मैराथन सफाई निरीक्षण



अभियान का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करना है। साथ ही शहर की साफ सफाई को लेकर जनता का फीडबैक भी प्राप्त करना है। दिल्ली को स्वच्छता में विश्वस्तरीय बनाने के लिए सफाई व्यवस्था में अभी और सुधार की जरूरत है। इस मौके पर विधायक कुलदीप सिंह, पार्षद प्रियंका गौतम, उपायुक्त अंशुल सिरोही सहित वरिष्ठ निगम अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी पाठक ने कहा कि हमारा मकसद दिल्ली को दुनिया की सबसे साफ राजधानी बनाना है। दिल्ली नगर निगम में कंसेशनर ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं और उनकी काफी शिकायतें मिल रही हैं।

#### स्वच्छता रैंकिंग में देखने को मिला है बड़ा सुधार : शैली

दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने स्वच्छता रैंकिंग मामले में अपना बयान जारी कर बताया कि आम आदमी पार्टी की निगम सरकार की मेहनत रंग ला रही है। निगम में अभी तक आम आदमी पार्टी की सरकार को एक साल भी पूरा नहीं हुआ है लेकिन स्वच्छता रैंकिंग में बड़ा सुधार देखने को मिला है। दिल्ली की 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में 28वीं रैंक रही है। वहीं पिछले साल के मुकाबले सफाई व्यवस्था में 15 फीसदी अधिक अंक मिले हैं। जबकि भाजपा के कार्यकाल में रैंक 200 से अधिक थी। आप ने दावा किया है कि विशेषज्ञों ने भी 28वीं रैंक पर मुहर लगाई है। जहां दिल्ली नगर निगम की रैंकिंग में सुधार हुआ है वहीं एनडीएमसी की रैंकिंग में गिरावट आयी है। इस बार 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की सूची में एनडीएमसी 446 में 7वें स्थान पर रहा है।


#### एक साल से गंदगी में घिरी दिल्ली कैसे होगी एक महीने में साफ : कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने महापौर डाक्टर शैली ओबेरॉय द्वारा 50 दिन में दिल्ली की गंदगी साफ करने के बयान को कोरा भ्रमित करने वाला बताया है। इस मामले पर दिल्ली कांग्रेस के निगम प्रभारी जितेंद्र कोचर ने सवाल खड़ा करते हुए महापौर से पूछा है कि एक साल से गंदगी झेल रही दिल्ली को आप 50 दिन के अभियान से कैसे साफ करोगे। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं महापौर शैली द्वारा सफाई का दिखावे का अभियान केवल नेताओं द्वारा फोटो खिचवाने तक और अपना प्रचार करने तक ही सीमित न रह जाए। दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के एक साल बाद महापौर व सत्ताधारी नेताओं द्वारा अचानक सफाई अभियान शुरू करना कुंभकर्णी नींद से जागने और दिल्ली की जनता को गुमराह करने जैसा है।



## खबर संक्षेप

### गाजियाबाद में एक और व्यक्ति मिला संक्रमित



**गाजियाबाद।** जिले में तेजी से कोरोना के मरीज बढ़ रहे हैं। वसुंधरा के रहने वाले 53 वर्षीय एक व्यक्ति की कोरोना जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वसुंधरा क्षेत्र के 50 से अधिक लोगों की कोरोना जांच के लिए सैंपल भेजे हैं। वर्तमान में कुल चार कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

### 12 बैटरी चोरी करने वाले दो युवकों को किया काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के मुकदमों में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में आकाश पाल तथा हर्षित का नाम शामिल है। आरोपियों ने अक्टूबर में एनआईटी टाउन नंबर 2 में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर स्थित बैटरी चार्जिंग पॉइंट से 12 बैटरी चोरी की थी।

### अदालत से गैर हाजिर चल रहे आरोपी काबू



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी तथा पीओ के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बुद्धपाल उर्फ बुद्धा है, जिसने फरीदाबाद में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया था। क्राइम ब्रांच ने आरोपी को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से पीओ के मुकदमे में गिरफ्तार किया ।

### युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर की खुदकुशी



**गुरुग्राम ।** सेक्टर-56 एरिया में एक युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## एडीसी ने की चिन्हित अपराध मामलों की गहन समीक्षा

# न्यायालय में पुख्ता सबूतों के साथ पेश करें मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि चिन्हित अपराधों के केसों की पैरवी पूरी तैयारी से करना सुनिश्चित करें। चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें तथा सबूतों के आभाव में कोई अपराधी न छूटे। एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों और डीए कार्यालय से आए अधिकारियों को समीक्षा बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि चिन्हित केसों के चालान न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ पेश करें। जिससे सबूतों के आभाव में कोई अपराधी कानून से बच न पाए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों और जिला न्यायवादी को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि चिन्हित केसों की गवाही सही समय पर न्यायालय में पुख्ता सबूत के साथ सुनिश्चित करवाए।

एडीसी चिन्हित अपराध मामलों की समीक्षा बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों और डीए कार्यालय से आए अधिकारियों को समीक्षा बैठक में जरूरी निर्देश दे रहे थे।



**घटना में पुलिस शहीद होता है तो कोताही न बरते**

*एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि पोक्सो एक्ट, 302, 307, 395, 376, 354, 304 बी, एनडीपीएस कमर्शियल, एमटीपी, पीसी एक्ट करप्शन मामले ये सभी चिन्हित अपराध के तहत आते हैं। कोई भी अपराधी कोर्ट में केस की मजबूत न होने के कारण बचकर नहीं निकलना चाहिए। किसी मामले में अगर कोई पुलिस का जवान शहीद होता है, तो ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की देरी या कोताही न बरती जाए।*

**कार्रवाई की जानकारी मुख्यालय को अवश्य दें**

एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि जिला फरीदाबाद में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। चिन्हित अपराधों में सुरक्षा समीक्षाए एससी-एसटी एक्ट, पोस्को सहित ऐसे मामलों की जांच संबंधित पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट बारे उपायुक्त कार्यालय को अवश्य अवगत करवाया जाए। वहीं एडीसी ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे चिह्नित अपराध में कोर्ट में जाने से पहले अच्छी तरह जांच कर सनसनीखेज मामलों की रिपोर्ट बनाएं और उन पर पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही बारे उन्हें अवगत करवाया जाए।

## पीड़िता के पति की थाने में आग लगाने से हुई मौत

# छेड़छाड़ के मामले में कार्रवाई न करने वाले 3 अफसर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

लोनी बॉर्डर थाना परिसर में एक जनवरी को छेड़छाड़ पीड़िता के पति द्वारा थाने में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने से झुलसे युवक की मंगलवार रात को हुई मौत के मामले में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई है।

पुलिस उपायुक्त ग्रामीण ने लापरवाही सामने आने पर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक डॉ. राम सेवक और चौकी प्रभारी रमन सिंह और दारोगा मो. सलीम को निलंबित कर दिया।

पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपितों पर कार्रवाई नहीं करने से क्षुब्ध होकर लोनी बॉर्डर थाने में खुद को आग लगा ली थी।

**खास बातें**

- थानाध्यक्ष डॉ. राम सेवक व चौकी प्रभारी रमन सिंह और मो. सलीम निलंबित
- छेड़छाड़ का विरोध करने पर की थी मारपीट

*थाने में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने से झुलसे युवक की मौत के मामले में पुलिसकर्मियों की लापरवाही सामने आई है।*



**70% जल गया था व्यक्ति अस्पताल में दम तोड़ा**

पीड़ित व्यक्ति 70 प्रतिशत जल गए थे। पहले दिल्ली जीटीबी अस्पताल फिर नोएडा के विनायक अस्पताल में रेफर किया गया था। उनके आखिरी लफ्ज यही थे कि उनकी मौत का जिम्मेदार लोनी बॉर्डर थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक डॉ. रामसेवक और दारोगा होंगे।

**25 दिसं. को एफआइआर दर्ज कराई थी**

पीड़िता ने 25 दिसंबर को एफआइआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि गली में रहने वाले एक व्यक्ति का भांजा गंदे-गंदे इशारे करता है और अभद्र टिप्पणी करता है। 13 दिसंबर को युवक ने पीछे से आकर हाथ मारा। विरोध करने पर पति से मारपीट की गई।

**4 आरोपियों की हुई है गिरफ्तारी**

पुलिस ने दो आरोपितों पर शांति भंग की धारा में कार्रवाई की। वह अपने पति के साथ एक जनवरी को जांच अधिकारी से मिलने थाने गई थीं। सुनवाई नहीं होने पर उनके पति ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। इस मामले में पुलिस चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## फरीदाबाद भाजपा ने अपनी गहरी पैठ बना ली

नौ साल का समय कुछ ठीक-ठाक नहीं रहा

# हुड्डा गुट में भी बन गए कई गुट धड़ों में बंटी कांग्रेस में धड़ेबंदी

बिजेन्द्र शर्मा ▶▶ फरीदाबाद

हर शाख पर उल्लू बैठा है अंजाम-ए-गुंलिस्ता क्या होगा। फरीदाबाद जिला कांग्रेस में पिछले काफी अर्से से कुछ ऐसा ही हालात बने हुए थे और पूर्व मंत्री करण दलाल की फरीदाबाद जिले की राजनीति में एंट्री के बाद तो हालात यह बन गए है कि धड़ों में भी धड़े बन गए है। गौरतलब है कि फरीदाबाद जिले में कांग्रेस की राजनीति के लिए पिछले करीब नौ साल का समय कुछ ठीक-ठाक नहीं रहा है।

कांग्रेस का गढ़ माने-जाने वाले जिला फरीदाबाद में अब भाजपा ने अपनी गहरी पैठ बना ली है। इसके लिए कुछ हद तक कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व को भी दोषी माना जा सकता है।



**फरीदाबाद में कांग्रेस संगठन तक नहीं बना पाई**

*हरियाणा की राजनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले फरीदाबाद जिले में पिछले नौ साल से कांग्रेस संगठन तक नहीं बना पाई है। जिसका सीधा-सीधा असर कांग्रेस की परफॉर्मेंस पर पड़ रहा है। धड़ों में बंटी कांग्रेस पहले तो हुडा, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला गुट ही होते थे किन्तु अब हुड्डा गुट में भी गुट बन गए हैं और पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के फरीदाबाद की राजनीति में प्रवेश करने के बाद गुटबंदी और भी प्रबल हुई है।*

## बेटियों की तरह बेटों को भी दें अच्छे संस्कारः रेखा शर्मा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा महिला आयोग की 25वीं वर्षगांठ में उपलक्ष्य में दो दिवसीय समागम का आगाज हो गया है। शुभारंभ राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि बेटियों की तरह बेटों को भी अच्छे संस्कार दें। महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबर के अधिकार हैं।

## भाजपा-जजपा सरकार का विकास भाषणों और फाइलों तक सीमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



किसान कांग्रेस जिला फरीदाबाद के अध्यक्ष एवं ऋषिपाल ने कहा कि हरियाणा में भा ज पा - ज ज पा गठबंधन सरकार का विकास सिर्फ भाषणों और फाइलों तक दिखाई देता है। उन्होंने सरकार पर चौतरफा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार ने जो कार्य 2014 तक किए थे, उन्हें भी गठबंधन सरकार ने बिल्कुल बर्बाद कर दिया है। सरकार ने गांवों और शहरों को विकास के मामले में 20 वर्ष से भी अधिक पीछे धकेल दिया है। 10 वर्षों के अनुभवों के बाद भी खट्टर की प्रशासन पर पकड़ नहीं है, वहीं उप मुख्यमंत्री ने साढ़े चार वर्षों के शासन के दौरान हरियाणा के आर्थिक विकास की चिंता छोड़कर अपने आर्थिक मजबूती बढ़ाने का काम किया है।

## मुख्यमंत्री फ्लाइंग टीम की रेड

# अवैध रूप से चल रही 3 बसों व 7 इको गाड़ियों पर जुर्माना, कई वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड करते हुए अन्य राज्यों व जिलों के लिए अवैध रूप से चल रही बस व अन्य गाड़ियों पर कार्रवाई की है। टीम ने इफको चौक, राजीव चौक व सेक्टर-12 में कार्रवाई करते हुए 3 बस व 7 इको गाड़ियों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया। जुर्माना न भरने वाले वाहनों को जब्त कर लिया है। जांच के दौरान पाया गया कि इन बसों में क्षमता से तीन गुना अधिक सवारियां भरी हुई थी।



**45 सीटर बस में 100 से 125 सवारियां भरी हुई थी**

जांच के दौरान पाया कि 45 सीटर बस में 100 से 125 सवारियां भरी हुई थी। इनके पास कोई परमिट नहीं मिला। यहां से मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के लिए बस जाती हैं। जिनसे एक हजार रुपए प्रति सवारी का किराया वसूला जाता था। टीम ने इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है।

## नशे में पत्नी से करते थे लड़ाई

# ब्लास्ट करने की धमकी देने वाला काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

देश भर में बम ब्लॉस्ट करने की धमकी देने वाले सिरफिरे को सेक्टर-39 क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की कोविड काल में नौकरी छूट गई थी और वह शराब पीने लगा। जिसके बाद उसका पत्नी से भी झगड़ा होता। परेशान होकर युवक ने अपनी भड़ास पुलिस को फोन करके निकाली। पुलिस ने आरोपी युवक से 1 मोबाइल फोन व 2 सिम कार्ड बरामद कर कार्रवाई शुरु कर दी।



**लॉकडाउन से बेरोजगार था**

आरोपी वर्ष 2009 में रोजगार के लिए गुरुग्राम आया था। वह सिक्योरिटी गार्ड व मेडिकल स्टोर पर काम कर चुका है। लॉकडाउन के दौरान इसका काम छूट गया तथा अब यह बेरोजगार था। जॉब नहीं करने व शराब पीने का आदि होने के कारण उसका अपनी पत्नी से झगड़ा होता था। घटना वाले दिन भी आरोपी ने शराब पी हुई थी और उसका पत्नी से काम को लेकर झगड़ा हो गया। इससे परेशान होकर आरोपी ने अपनी पत्नी को डराने व समाज मे अशांति फैलाने के इरादे से फोन कर बड़ा धमाका होने की बात कह दी तथा अपना मोबाइल फोन बंद करके सो गया। प्रारंभिक तौर की जांच में आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

**वरुण दहिया,** एसीपी क्राइम

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

**IndusInd Bank Ltd.** is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on **"AS IS WHERE IS BASIS"** Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAM05127G | Lochan Prasad | UP85CT5331 | AZXWNL54190 | MD2B47AX2NWL18430 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DAL01149G | Devendra Singh | UP81DT3081 | AZXWNK17211 | MD2B17AX9NWK18480 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| DAL01236G | Dinesh Kumar | UP81DT4205 | AZXWNB65363 | MD2B47AXXNWB19631 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDV01755G | Praveen | UP16JT5932 | DEAYM45844 | M1YDECB10822T5844 | CITYLIFE XV850 PASSENGER E-RICK-SHAW | 2022 |
| DNG02614G | Sajda | DL1LAH6623 | 275CNG17HXXSB1252 | MAT556002NVH46551 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DDB03134G | Vishnu | HR38AC4808 | 275CNG17BXXS28011 | MAT556002NVC12092 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2022 |
| DAS00866G | Rohit | DL1LAJ7027 | 275CNG17PXXSG8618 | MAT556004NVP70021 | TATA ACE | 2023 |
| DAS00907G | Mustaq | DL1LAJ7723 | 275CNG17PXXSH2044 | MAT556002NVP71383 | TATA ACE | 2023 |
| DAS00936G | Vinod | DL1LAJ9725 | 275CNG17BWXS19906 | MAT556002PVB09008 | TATA ACE | 2023 |
| DAS00474G | Komal | DL1LAF6557 | LHM6K22618 | MA1FN2LHRM6K61726 | M&M SUPRO | 2021 |
| DAS00938G | Ramesh | DL1LAJ9524 | 275CNG17PXXSH6229 | MAT556004PVA00539 | TATA ACE | 2023 |
| DDP01900G | Basant | HR73B1682 | AZXWPK50545 | MD2B17AX7PWK48435 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DDP01839G | Bhagat Singh | HR73B3444 | AZXWNH65201 | MD2B47AX8NWH82678 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDP01969G | Vinod | HR73B4985 | AZXWPM04396 | MD2B17AXXPWM542 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS6 | 2023 |
| MM02522G | Irfan | UP15ET9335 | 800CCDI02PZXS96444 | MAT535072LYP34050 | TATA INTRA V10 BS VI | 2021 |
| DMM03691G | Pradeep | UP19AT2455 | 1.5CRAIL05CWXS37924 | MAT535313PYC13596 | TATA INTRA V30 AC BS 6 | 2023 |
| DAP00381G | Kamaryab | UP15GT2403 | 700CCDI02AWXS10018 | MAT559029PYA04208 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| DMM03280G | Manish Kumar | UP19T9827 | 275CNG17CXXS30508 | MAT556002NVC13055 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDA01551G | Rahisuddin | DL1LAH9695 | G12BN1073117 | MA3EZLF1T00232811 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DDS00543G | Manoj | UP11BT9059 | 275CNG17NYXSB2676 | MAT556002MVN9289 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DED01170C | Pankaj Negi | DL5CT1605 | REVTRN08FYXM06526 | MAT626365MKF45558 | TATA TIAGO XTO 1.2 PETROL BS VI | 2021 |
| DDV02635C | Kamal Singh Bhati | UP16CN0792 | D13A-5882622 | MA3NYFB1SKM610441 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2019 |
| DDV02636C | Kamal Singh Bhati | UP16CN0791 | D13A5881172 | MA4NYFB1SKM609720 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2019 |
| DDV02637C | Kamal Singh Bhati | UP16CN0793 | D13A3574206 | MA3NYFB1SKM610977 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2019 |
| DGP01642C | Sunil Kumar | HR26EU7189 | EUNZC03780 | MA1NM2EU1N2C64268 | M&M XUV300 W6 DS MT BS VI | 2022 |
| DAS03119L | Sattan | DL1GC8757 | 3.8SGI81PZX624543 | MAT767255L5P10025 | TATA 1412 LPT DCR 48 HSD BS VI | 2020 |
| DAS03680L | Amit Kumar | HR38AD6904 | E426CCNC385406 | MC2ESLRC0NC204700 | EICHER PRO 2114 XP CBC BS VI | 2022 |
| DAS03854L | Bobby Traders | HR55AM0594 | E446CDNG039613 | MC2ERLRC0NGB03108 | EICHER PRO2110XP S L HSD22FT BS6 PRM R7S | 2022 |
| DDV02163L | R K Tiles Machine | DL1LAJ0385 | UKN1G27717 | MA1ZP2UKKN1H73438 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ03094L | Raman Kumar | HR38AF3159 | 33LNGD11DWX512388 | MAT785010P7D09202 | TATA 1216 LPT DCR 49 H 160 B6 M6 | 2023 |
| DSG00586L | Manoj | HR69E5361 | 33LNGD06NXX535497 | MAT563010N5P15128 | TATA 1512 LPT DCR 42 HSD 125 M5 BS VI | 2023 |
| DBR01614C | Raveendra | DL12CJ7756 | G4LAGM959120 | MALBM51BLGM224464 | HYUNDAI ELITE I20 ASTA (O) VTVT | 2016 |
| DBR01815C | Mohan | DL12CR3350 | NAGZK43030 | MA1VB2NACG6K94972 | M&M KUV100 K6 DIESEL | 2016 |
| DBR02343C | Jony | DL3CCU2015 | B4DA417E058408 | MEEHBC002M3006594 | RENAULT KIGER RXT 1.0 ENERGY AMT BSVI | 2021 |
| DED01858C | Sanjay | DL3CCP7767 | G12BN620915 | MA3ERLF1S00641860 | MARUTI EECO 5 SEATER AC HTR PET 1196 CC | 2018 |
| DMB03600C | Amjad | DL1CX0875 | CJL142797 | MEXF17606HT139123 | VOLKSWAGEN POLO 1.2 COMFORTLINE PETROL | 2017 |
| DBO01181C | Ram Kumar | DL11CC6561 | G3LCMM162194 | MALFC81ALMM176835 | HYUNDAI VENUE 1.0 TURBO S IMT PTL BS VI | 2021 |
| DBO01205C | Kishan | DL8CA5719 | N15A11318455 | MAKDD575AFN005756 | HONDA MOBILIO 1.5 S MT I-DTEC | 2015 |
| DDR04551C | Shivam | DL10CT2999 | G4LAGM985106 | MALBM51BLGM234968 | HYUNDAI I20 ASTA 1.4 PETROL | 2016 |
| DNC01463C | Mohit | DL3CCJ1015 | D13A2543284 | MA3FHEB1S00840930 | MARUTI SWIFT VDI 1248 CC BS IV | 2015 |
| DBO01349C | Sumit Sharma | DL1CAG0971 | 1887557 | MA3EJKD1S00A36616 | Maruti Swift Dzire | 2016 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : New Delhi** **Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245**

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्याः 13B–क.वि.–नई दिल्ली–2023–24** **दिनांकः 10.01.2024**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | नई दिल्ली यार्ड में आगामी वंदे भारत ट्रेन सेटों के रखरखाव की सुविधा के लिए वाशिंग कम पिट लाइनों के विद्युतीकरण के साथ 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति निर्माण परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2. | अनुमानित लागत | Rs. 77,78,791.22/- |
| 3. | बयाना राशि | Rs. 1,55,600/- |
| 4. | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 22.01.2024 (00.00 बजे) से 05.02.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5. | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 05.02.2024 (15.00 बजे ) |
| 6. | निविदा छपाई की लागत | Capital (PH-42) |
| 7. | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकती है | www.ireps.gov.in |

119/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा - ब्लॉक टोहाना में परषोत्तम दास पार्क के पीछे आरओपी (01HRFTBTHN0001DANG006) हेतु अतिरिक्त आकलन + 4 कार्य। | 09.01.2024 16.01.2024 | 22.4 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फतेहाबाद | धारसुल खुर्द - गांव धारसुल खुर्द ब्लॉक टोहाना, जिला फतेहाबाद जैडपी में बस स्टैंड में आयरन शैड का निर्माण + 21 कार्य। | 156.82 लाख | 156.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | सारसोड (बरवाला) - गांव सारसोड ब्लॉक बरवाला में एक एकड़ सामुदायिक केन्द्र का निर्माण (स्कीम - एचजीवीवाई)। | 05.01.2024 25.01.2024 | 239.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज कैथल | गांव पबनावा में दयाल और भागा मोहोला में हॉल कमरे का निर्माण + 2 कार्य। | 10.01.2024 18.01.2024 | 124.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746247248 prexeeng.ktl@hry.nic.in |
| 5 | पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा पंचकूला | पालतु पशु चिकित्सा केन्द्र, पंचकूला में कैमिस्ट शॉप पैट पार्लर को लीज पर देने हेतु। | 09.01.2024 30.01.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416218057 dg.ahd@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव निमली, ब्लॉक चरखी दादरी में दक्षिण फिरनी पर नाला का निर्माण + 10 कार्य। | 08.01.2024 16.01.2024 | 136.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मुरथल, सोनीपत | गांव जैनपुर, ब्लॉक मुरथल में सामान्य चौपाल में हॉल का निर्माण + 14 कार्य। | 10.01.2024 17.01.2024 | 105.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818043960 vpnaman2011@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज भिवानी | जैडपी तोशाम - गांव मिरान में शहीद एलटी धर्मबीर सिंह एकेडमी में हॉल कमरे का निर्माण, स्कीम जैडपी + 6 कार्य। | 09.01.2024 15.01.2024 | 87.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज भिवानी | गांव बलियाली ब्लॉक बी. खेड़ा में आदर्श तालाब (कमाना तालाब) को पूरा करना + 7 कार्य। | 09.01.2024 15.01.2024 | 80.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 10 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग, हरियाणा | डिजिटल ऑफसैट प्रिंटर्स का पैनल तैयार करने हेतु प्रस्ताव के लिए आग्रह हेतु ई-निविदा। | 12.01.2024 01.02.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2566521 |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच–11/2024/200/24132/I/88/7 दि. 11.01.24

# मॉरीशस का प्रतिनिधिमंडल ब्रज संस्कृति से हुआ गदगद, वृंदावन के बैकुंठ धाम में हुई धर्म संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन सम्मान समिति के तत्वावधान में पुष्पांजलि बैकुंठ मंदिर पर एक धर्म संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

जिसमें मॉरीशस से आए विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने ब्रज के संतों, धर्माचार्यों और विद्वतजनों से भेंटकर सनातन धर्म, संस्कृति, सभ्यता व भगवद भक्ति के बारे में जाना-पहचाना। मॉरीशस से आए प्रतिनिधिमंडल ने जब धर्माचार्यों से राम व कृष्ण की संस्कृति को जाना तो वह गदगद हो गए।



वृंदावन स्थित बैकुंठ धाम में आयोजित धर्म संगोष्ठी में मंचासीन भारत और मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल

## भारतीय संस्कृति सनातन धर्म से परिपूर्ण

मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि किसी भी देश की संस्कृति और सभ्यता उसकी विश्वव्यापी पहचान होती है। भारत की संस्कृति भक्ति, आध्यात्म और सनातन धर्म से परिपूर्ण वो संस्कृति है। जैसे सदैव पूरे विश्व की लोग आत्मसात करने के लिए लालयित रहते हैं।

## भगवान की भक्ति से जीवन की पूर्णता

भागवताचार्य बद्रीश महाराज ने कहा कि मॉरीशस वर्षों से भारत का अभिन्न मित्र रहा है, क्योंकि दोनों देशों की संस्कृति और सभ्यता एक दूसरे की पूरक रही है। समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. बीडी अग्रवाल ने कहा कि मानव जीवन की पूर्णता भगवान की भक्ति से होती है। भगवान का दिया जीवन हम सब जी रहे है और जब जीवन से प्रभु भक्ति का समावेश नहीं होता है तो जीवन अनेक कष्टों से घिर जाता है।

## भारतीय संस्कृति का मॉरीशस में प्रचार-प्रसार होगा

अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि भारत और मॉरीशस की मित्रता संपूर्ण विश्व के लिए आज भी एक आदर्श है। दो देशों के लोग सदैव एक-दूसरे की संस्कृति की गहराईयों को जानने के लिए उत्सुक रहते है। डॉ. गिरीश गुप्ता ने बताया कि मॉरीशस से 14 सदस्यीय विदेशी अतिथियों का आगमन हुआ है। यह 14 लोग भारत की संस्कृति, सभ्यता, सनातन धर्म, आध्यात्म का प्रचार-प्रसार मॉरीशस में करेंगे। इससे पूर्व मॉरिशस से आए प्रतिनिधिमंडल ने धर्मनगरी के विभिन्न मंदिर-देवालयों के दर्शन कर करीब से ब्रज की संस्कृति के साथ वसुधैव कुटुंबकम की परपंरा को जाना। इसके अलावा ब्रज के खान-पान का पारंपरिक स्वाद लिया। इस अवसर पर बीबी रसीदा, रवीन्द्र पाटपुर, सबेरा अब्बास ममोदे, गुरचरण दुखित लोअर, रवीन्द्रनाथ गोपॉल, सुप्रमण्येन पाडियाची गौंडन, गुड्रधर्री जुग्गेसुर, तेजमुन लल्लू, जयलाल मत्तारूआ, राज ताराचंद रिवियेर, हैरीडियो हर्दयाल, महेंद्रलाल रामदास, बीजाउंटी माला, डॉ. विवेक प्रिय आर्य, डॉ. नवीन पट्टू, गिरधारी, ईश्वरचंद्र रावत, दीपक गोयल, विनोद दुबे आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### स्वच्छतम शहर ...

एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में महाराष्ट्र का सासवड पहले, छत्तीसगढ़ का पाटन दूसरे और महाराष्ट्र का लोनावाला तीसरे स्थान पर रहा। देश के स्वच्छ राज्यों की कैटेगरी में इस बार महाराष्ट्र को पहला, मध्यप्रदेश को दूसरा और छत्तीसगढ़ को तीसरा स्थान मिला। पिछली बार मध्यप्रदेश पहले स्थान पर था। गंगा किनारे बसे सबसे साफ शहरों में वाराणसी पहले और प्रयागराज दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा मध्यप्रदेश के महू को सबसे स्वच्छ कैंटोनमेंट बोर्ड का अवॉर्ड मिला है। बेस्ट सफाई मित्र सुरक्षित शहर का अवॉर्ड चंडीगढ़ को दिया गया। दिल्ली के भारत मंडपम कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी ने इन राज्यों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इस बार कुल 9500 अंक का सर्वेक्षण हुआ है। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस पर 4525, सर्टिफिकेशन पर 2500 और पब्लिक फीडबैक पर 2475 दिए गए।

**सफाई मित्रों में खुशी की लहर, ननि अध्यक्ष ने बांटी मिठाई**: देश के शीर्ष 5 स्वच्छ शहरों की सूची में भोपाल के शामिल होने पर राजधानी में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने मिलकर जश्न मनाया। माता मंदिर स्थित नगर निगम मुख्यालय में सफाई कर्मचारी एकत्र हुए और एक-दूसरे को बधाई दी। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सफाई मित्रों का मुंह मीठा कराया। इस मौके सभी सफाई मित्र ढोल बजाते हुए खुशी से नाचते नजर आए।

### राष्ट्रपति के हाथों ...

द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में अच्छे प्रदर्शन के लिए राज्य के पांच नगरीय निकाय रायपुर, पाटन, कुम्हारी, महासमुंद और आरंग को भी राष्ट्रीय अवार्ड दिया गया। छत्तीसगढ़ में एक लाख से अधिक आबादी वाले स्वच्छ शहर की श्रेणी में रायपुर को फाइव स्टार गार्बेज फ्री सिटी का दर्जा दिया गया है। वहीं, ईस्ट ज़ोन में आरंग (जनसंख्या 15 से 25 हजार के बीच) स्वच्छ शहर, कुम्हारी (जनसंख्या 25-50 हजार), महासमुंद (जनसंख्या 50-1 लाख) को स्वच्छ शहर का दर्जा दिया गया है। गौरतलब है कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा हर साल देश के समस्त शहरों एवं राज्यों के मध्य स्वच्छ सर्वेक्षण का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत शहरी स्वच्छता का आंकलन किया जाता है। राज्यों एवं शहरों की रैंकिंग जारी कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्यों तथा शहरों को पुरस्कृत किया जाता है। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. सहित प्रदेश के कई नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, संभागीय व जिला समन्वयक तथा स्वच्छता दीदियां भी समारोह में शामिल रहीं।

### केंद्र व संगठनों ...

गया। 2016 में यह सर्वेक्षण शुरू हुआ जो अब सबसे बड़ा सर्वेक्षण बन गया है। 2014 में 14 से 15 प्रतिशत कचरे की प्रोसेसिंग होती थी, लेकिन अब 75 से 76 प्रतिशत तक कचरा प्रोसेस होता है।

### कहा-प्रदेशवासियों व ...

को साकार करने में निरंतर अपना योगदान देता रहेगा और आशा व्यक्त की कि आगामी सर्वेक्षण में प्रदेश और बेहतर प्रदर्शन करेगा।

### कांग्रेस गांधी की नही...

समारोह से जुड़े हुए हैं और मुझे लगता है कि ये मेरे देश की प्रगति के अनुरूप नहीं है, इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे।' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस के पास इस बार मौका था कि आप अपने को बदल कर दिखा सकते थे। परंतु इन्होंने इस बार भी ये नहीं किया। उन्होंने कहा कि आज रामराज्य की प्राण प्रतिष्ठा का श्रीगणेश हो रहा है, लेकिन कांग्रेस उसके पक्ष में नहीं है। इससे साफ है कि गांधी जी की कांग्रेस और नेहरू की कांग्रेस में बहुत अंतर है। सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि चरमपंथियों के चंद वोट के लिए कांग्रेस राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास करवट ले रहा होता है। अब कांग्रेस राम मंदिर का बहिष्कार कर रही है। इसलिए जनता उनका बहिष्कार कर रही है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर मामले में कोर्ट में केस लड़ने वाले इकबाल अंसारी को निमंत्रण दिया गया है, लेकिन कांग्रेस नकारात्मक राजनीति करती है।

### दिल्ली-एनसीआर में ...

जोन फॉल्ट लाइन कहलाता है। बार-बार टकराने से प्लेट्स के कोने मुड़ते हैं। जब ज्यादा दबाव बनता है तो प्लेट्स टूटने लगती हैं। नीचे की ऊर्जा बाहर आने का रास्ता खोजती हैं और डिस्टर्बेंस के बाद भूकंप आता है। ये भूकंप मापने का तरीकाः भूंकप की जांच रिक्टर स्केल से होती है। इसे रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल कहा जाता है। रिक्टर स्केल पर भूकंप को 1 से 9 तक के आधार पर मापा जाता है। भूकंप को इसके केंद्र यानी एपीसेंटर से मापा जाता है। भूकंप के दौरान धरती के भीतर से जो ऊर्जा निकलती है, उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है। इसी तीव्रता से भूकंप के झटके की भयावहता का अंदाजा होता है।

### एक फरवरी को संसद...

11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था। गौरतलब है कि संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ था। शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर भी विपक्ष केंद्र से जवाब मांग रहा था। विपक्षी दलों की मांग थी कि संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सदन में बयान में दें। जबकि केंद्र सरकार का कहना था कि विपक्ष सदन में अहम मुद्दों पर चर्चा करने से बच रहा है। संसद के दोनों सदन से 140 से ज्यादा सांसदों को निलंबित भी किया गया था। दोनों ही सदन से सांसदों को अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत निलंबित किया गया था। सांसदों के निलंबन को लेकर बाद में विपक्षी पार्टियों ने जमकर हंगामा किया था और संसद भवन से एक मार्च भी निकाला था। बताया जा रहा है कि अंतरिम बजट में महिला, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि को दोगुना करने का प्रस्ताव हो सकता है। कोई अन्य प्रमुख विधायी परिवर्तन वर्तमान में एजेंडे का हिस्सा नहीं है। यह प्रस्तावित प्रोत्साहन, यदि 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट में पेश किया जाता है, तो आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महिला कृषि श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम होगा।

### संजीवनी मुहूर्त में...

मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान से ग्रह बाधा नहीं आती है। वहीं, प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संजीवनी मुहूर्त में संपन्न होने से विश्व में भारत के गुरुत्व को बल मिलेगा। 22 जनवरी की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान संपन्न होगा। इस समारोह में करीब 7000 से अधिक गणमान्य साक्षी बनेंगे। राम जन्म भूमि तार्थ ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित लोगों में 4,000 संत और 50 विदेशी मेहमान शामिल हैं।

### पीएम मोदी रामलला ...

8 सेकंड से लेकर 30 मिनट 32 सेकंड के मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री मोदी पीले वस्त्रों में सजे रामलला विग्रह की आंखों से कपड़ा हटाएंगे। 21 को श्री रामलला को सुनहरे पलंग पर बच्चों की तरह सुलाया भी जाएगाः 18 जनवरी को विधिवत प्राण- प्रतिष्ठा की विधि का शुभारंभ गणेश अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन से होगा। 19 जनवरी को अग्निस्तान (अरणीय मंथन) द्वारा अग्नि प्राकट्य, नवग्रह स्थापर और हवन होगा, जबकि 20 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह कोसरयू से लाए गए 81 कलशों के जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास कर्मकांड होंगे। 21 जनवरी को रामलला के दिव्य स्नान के बाद उन्हें सुनहरे पलंग पर बच्चों की तरह सुलाया जाएगा और 22 जनवरी की सुबह नित्य पूजन के बाद मध्याह्म काल में मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महापूजा होगी।

### 22 जनवरी गुल...

सीधा प्रसारण होगा। जन-सामान्य उक्त कार्यक्रम के साक्षी होना चाहेंगे। अतः इस दिन विद्युत व्यवधान नहीं होना चाहिए। उस दिन बिजली का मेंटनेंस का कार्य ना किया जाए। उन्होंने कहा है कि विद्युत व्यवधान होने से जन-सामान्य को कार्यक्रम देखने में असुविधा हो सकती है।

# मकर संक्रांति से पूरे प्रदेश को चमकाया, सजाया और संवारा जाएगा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति से पूरे यूपी में स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान प्रदेश के प्रत्येक गांव, नगर और मोहल्ले में चलाया जाएगा। जिस प्रकार प्रतिवर्ष दीपावली से पहले हम साफ सफाई और रंग रोगन के बाद अपने अपने घरों को आकर्षक झालरों और दीपों से सजाते हैं, ठीक उसी तर्ज पर योगी सरकार 22 जनवरी से पहले पूरे प्रदेश को चमकाने, सजाने और संवारने जा रही है। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।


रामोत्सव 2024: अभूतपूर्व होगा श्रीराम का स्वागत, सीएम योगी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में चलेगा स्वच्छता अभियान





### 9 दिन तक चलेगा अभियान

*अयोध्या में होने जा रहे भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नगर विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। 14 जनवरी से शुरू होने जा रहे स्वच्छता के महाअभियान की कमान खुद सीएम योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। इसके बाद अगले 9 दिन तक प्रदेश के हर हिस्से में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष सफाई अभियान की कमान संभालेंगे।*



## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहनों को मिली किश्त, वीडी ने दी बधाई

**भोपाल।** प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खाते में 1576 करोड़ की राशि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्रांसफर कर दी है। सभी बहनों के खातों में हर महीने की 10 तारीख को राशि आती रहेगी। कांग्रेस ने करारी हार के बाद भ्रामक प्रचार किया कि अब लाड़ली बहनों सहित अन्य योजनाओं पर ताला लग जाएगा। आज कांग्रेस नेताओं की आंखें खुल गई होंगी। यह बात प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही। कांग्रेस को झूठा प्रचार बंद करना चाहिए।

### 22 जनवरी को संकल्प दिवस करने की मांग

**भोपाल।** भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन 22 जनवरी को संकल्प दिवस घोषित करने की मांग ओम शिव शक्ति सेवा मंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की है। मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस पवित्र दिन देश में शासकीय अवकाश की घोषणा भी की जाए। इसके अलावा सभी कसाईखानों को बंद रखा जाए।

### कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच का प्रांतीय संकल्प सम्मेलन 21 जनवरी को आंबेडकर मैदान में होगा। सम्मेलन में 11 सूत्रीय प्रस्ताव पारित करके ज्ञापन तैयार किया जाएगा। जिसे सरकार को भेजा जाएगा। सम्मेलन में संगठन की वर्ष 2024 की कार्य योजना तैयार की जाएगी। प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में प्रदेश भर के स्थाई कर्मी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, अनियमित संवर्ग शामिल होंगे। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रांतीय संकल्प सम्मेलन में चार प्रतिशत महंगाई भत्ता, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने समेत अन्य मांगें शामिल हैं।

### शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि थर्ड काउंसलिंग की मांग

**भोपाल।** प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ का प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि के साथ थर्ड काउंसलिंग की मांग की। प्राथमिक शिक्षक उत्तीर्ण संघ के संयोजक मंगल सिंह ने कहा कि पदवृद्धि कर के सभी समस्यों का निराकरण किया जा सकता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ लोगों तक पहुंचाने में देश में प्रथम रहेगा मप्र



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और मंडला के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद में कहा-

**खास बातें**

- पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही
- कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के गरीबों का कल्याण हो रहा है। आजादी के अमृतकाल में देश के हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

हमारा प्रयास है कि यात्रा के अंतर्गत जन-जन तक लाभ पहुंचाने में मप्र देश में प्रथम रहे। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से प्रेरित इस संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायतें और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय से वीसी के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के मंडला और बैतूल जिले के हितग्राहियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं से हितग्राहियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल के मानिकराव धोटे तथा गीता भावसार और मंडला के जागेश्वर कछवाहा और श्वेता नंदा से वर्चुअली चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अपने देश को 2047 तक दुनिया में नंबर वन बनाना है।

### मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल मोबाइल वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियां, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। जन-जन तक विकास की बयार ले जाने वाली यह यात्रा अब जन-जन की यात्रा बन चुकी है। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर इस यात्रा का समापन होगा। इस वर्ष का गणतंत्र दिवस कई मयानों में महत्वपूर्ण हैं, हम अपना 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफल, सम्पन्न और सुखी भारत का जो सपना देखा है, मप्र की धरती उसे साकार करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा से गरीबों के जीवन में सुधार आएगा।

### हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हितग्राहियों से प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री स्वनिधि, किसान सम्मान निधि, उज्जवला सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा हितग्राहियों की कुशलक्षेम पूछी। मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक वर्णवाल उपस्थित थे। बैतूल सांसद डीडी उइके तथा अन्य जनप्रतिनिधि भी वीसी में जुड़े।

## 16वीं विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन

# नए सदस्यों को सदन में विचार रखने दी जाएगी प्राथमिकता

*नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन पर होगा विचार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा एवं लोकसभा (प्राइड) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16वीं विधानसभा के नव निर्वाचित सदस्यों के दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम का समापन बुधवार हो गया। इस मौके पर मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि 7 फरवरी से शुरु होने वाले विधानसभा सत्र में प्रथम बार निर्वाचित सदस्यों को सदन में बोलने की प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य को सदन में बोलने का अवसर मिले, इसके लिए हमें प्रयास करना चाहिए।

तोमर ने कहा कि शून्यकाल में लिखित सूचनाओं पर बोलने का प्रावधान अभी है, किंतु आगामी सत्र में यह भी निर्धारित किया जाएगा कि शून्यकाल में महत्वपूर्ण तत्कालीन घटनाओं पर भी सदस्य अपनी बात रख सकेंगे। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में लोकसभा और विधानसभा सचिवालय की भूमिका को भी प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि इस बार 69 विधायक पहली बार चुन कर आए हैं। उन्हें एक पत्र भेजकर उनसे इस दो दिवसीय प्रबोधन का अनुभव लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए विधायकों के लिए एक और प्रबोधन कार्यक्रम अगर आवश्यक लगे तो उस दिशा में विचार करना चाहिए।

### शून्यकाल में तात्कालिक घटना के विषयों को भी सदस्य उठा सकेंगे

- प्रत्येक सदस्य को बोलने का मौका देने के लिए किए जाएंगे प्रयास
- आयोजन के लिए लोक व विस सचिवालय की भूमिका को सराहा



### कार्यक्रम में इन अतिथियों ने दिया उद्बोधन

दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुभारंभ मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। प्रबोधन कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना, लोकसभा में लाभ के पदों पर गठित संयुक्त समिति के अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सिंह, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, पूर्व राज्यसभा सदस्य सुरेश पचौरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह, सांसद एवं सभापति विशेषाधिकार समिति सुनील सिंह संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीताशरण शर्मा, मप्र विधानसभा सचिवालय के प्रमुख सचिव एपी सिंह आदि ने संबोधित किया।

**प्रश्न पूछने से ही सरकार को पता चलता है कि शासन कैसा चल रहा**

## आपसी समन्वय से ही हासिल होगा जनता की सेवा का लक्ष्य

मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान सदस्य डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि जनता की सेवा करना ही सबका लक्ष्य है। आपसी समन्वय से ही इसे हासिल किया जा सकता है। उन्होंने नव निर्वाचित सदस्यों को बजट निर्माण की प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी।

■ नव निर्वाचित सदस्यों के लिए प्रबोधन का दूसरा दिन

डॉ. सिंह ने प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन के पहले सत्र में बजट निर्माण संबंधी तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। डॉ. सिंह ने बताया कि 'बजट प्रक्रिया, आय व्ययक, अनुदान की मांगों पर चर्चा, कटौती प्रस्ताव' महत्वपूर्ण तत्व हैं। राज्य सरकार की ओर से मुख्य, पूरक एवं लेखानुदान बजट विधानसभा से पारित कराया जाता है। सभी सदस्यों को चर्चा का अवसर मिलता है। बजट पर चर्चा का दिन विधानसभा अध्यक्ष तय करते हैं। वे कार्य मंत्रणा समिति के अध्यक्ष भी होते हैं। बजट कटौती प्रस्ताव रखने वाले सदस्यों को भी अपनी बात रखने का अवसर मिलता है। व

### प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय

द्वितीय सत्र में 'प्रश्नकाल एवं प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा' विषय पर अपने संबोधन में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सीतासरन शर्मा ने कहा कि प्रश्नकाल विधानसभा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय होता है। प्रश्नकाल सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर एक घंटे तक चलता है। इस एक घंटे के पूरा होने में यदि एक मिनट का समय भी शेष होता है, तो किसी एक सदस्य का नाम पुकार लिया जाता है। उन्होंने विधायकों से कहा कि वे प्रश्न अवश्य पूछें, क्योंकि प्रश्न लगाने से ही सरकार को भी यह पता चलता है कि शासन-प्रशासन कैसा चल रहा है। किसी भी सूरत में प्रश्नकाल को स्थगित नहीं किया जाना चाहिए। डॉ. शर्मा ने प्रश्नों से उद्भूत आधे घंटे की चर्चा विषय पर कहा कि इस आधे घंटे में तारांकित व अतारांकित दोनों प्रश्नों पर चर्चा हो सकती है। इसमें मतदान नहीं होता है, सदस्य अपनी बात रखते हैं, फिर विभागीय मंत्री जवाब देते हैं।

## 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 22,700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य

**भोपाल।** कोई भी युवा बेरोजगार न रहे, रोजगार-स्वरोजगार से आजीविका संवर्धन कर सके इस उद्देश्य से प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की आवश्यकता को पूरा किया जा रहा है। उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा मध्यप्रदेश के 53 जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम विभाग भारत सरकार के तत्वावधान में कौशल विकास और उद्यमिता पर एक दिवस से लेकर डेढ़ माह तक के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह समस्त प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में 15 मार्च तक किए जाएंगे।

■ आजीविका संवर्धन के लिए युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण

रोजगार-स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रखे गए हैं। प्रदेश भर में 624 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 22 हजार 700 युवाओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अन्तर्गत 2 सौ उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण में 6 हजार, 150 प्रबंध विकास कार्यक्रम में 3 हजार और 50 उद्यमिता जागरूकता शिविर में 13 हजार 7 सौ युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनमें सर्वाधिक 43 इंदौर में और 42 प्रशिक्षण कार्यक्रम भोपाल जिले में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले युवा हमारे जिला समन्वयकों से संपर्क कर सकते हैं, जिनके बारे में हमारी वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सेडमैप इंडिया डॉट एमपी डॉट जीओवी डॉट इन (www.cedmapindia.mp.gov.in) पर जानकारी उपलब्ध है। मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिले की आवश्यकतानुसार चयनित ट्रेड में 30-30 युवाओं के बैच को प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना पर तीव्रगति से काम किया जा रहा है।

# बिलासपुर में फांसी की रस्सी के लिए दोस्त का मर्डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

यहां फांसी की रस्सी के लिए युवक की गला घोंटकर हत्या की गई। फिर फंदे से लटकाया। इसके बाद लाश को खेत में गाड़ दी। तांत्रिक ने कहा था कि फांसी की रस्सी रखकर जुआ खेलोगे तो नहीं हारोगे। इसलिए नाबालिग दोस्तों ने हत्या को अंजाम दिया। 3 साल से लापता विकास का कंकाल मिलने के बाद ये खुलासा हुआ। वहीं पैसे के लेनदेन में दूसरे दोस्त की हत्या की गई थी। विकास की हत्या के बाद जब आरोपी पकड़े नहीं गए तो उनका हौसला बढ़ गया। आरोपियों ने रुपयों की लालच में फिर एक दोस्त की हत्या कर दी।

### तांत्रिक ने कहा था- इससे जुआ नहीं हारोगे, तो मारकर लटकाया

**दूसरे दोस्त को भी मारकर दफनाया था**

विकास के लापता होने के करीब साल भर बाद मल्हार के पुरातत्व स्थल पर मिट्टी में दबा एक युवक का शव मिला था। पुलिस ने थानों में गुमशुदगी को लेकर जानकारी जुटाई। इस बीच युवक की पहचान मल्हार निवासी दीपक लोहार (35) के रूप में हुई। परिजनों से पूछताछ में पता चला कि दीपक 6 दिन से लापता था। पुलिस जांच में पता चला था कि आखिरी बार उसे अजय और मणिशंकर के साथ देखा गया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के घर से दीपक के खून से सने कपड़े और हत्या में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद की थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों सहित 4 नाबालिगों को भी पकड़ा था। अजय भैना अभी सेंट्रल जेल में बंद है, जिससे पुलिस पूछताछ करेगी। वह भी विकास की हत्या में शामिल रहने का आरोपी बताया जा रहा है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में हरियाणा सरकार व माइक्रोसॉफ्ट मिलकर काम करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर हैं। गुजरात के गांधीनगर में चल रहे 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में वीरवार को मुख्यमंत्री ने जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। कंपनियों ने भी हरियाणा में निवेश करने के लिए गहरी रुचि दिखाई। समिट के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक व उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि




माइक्रोसॉफ्ट कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से माइक्रोसॉफ्ट को हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। शीघ्र ही, चंडीगढ़ में प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट की ओर से आगामी रूपरेखा के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। वहीं जापानी कंपनियों के साथ बैठक बैठक के दौरान प्रतिनिधियों ने कहा कि जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है। वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी।

**बीएसपी के लोहे से बन रहा स्ट्रक्चर, 1100 टन सरिया भेजा अयोध्या**

# राम मंदिर पर नहीं होगा भूकंप का असर,लंबा चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर निर्माण के लिए भिलाई स्टील प्लांट ने 1100 टन सरिया भेजा है। मंदिर के स्ट्रक्चर में सरिया का इस्तेमाल होगा। बीएसपी प्रबंधन के मुताबिक इससे श्रीराम मंदिर को न सिर्फ मजबूती मिलेगी, बल्कि स्ट्रक्चर को भूकंपरोधी बनाया जा सकेगा। इससे पहले भी बीएसपी के लोहे का उपयोग पूरे देश के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स में किया गया है। सरिए का इस्तेमाल परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं, पुलों, राजमार्गों, फ्लाईओवरों, सुरंगों, बांधों, थर्मल, ऊंची इमारतों, बांद्रा वर्ली सी-लिंक ब्रिज, सरदार वल्लभभाई पटेल की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, आगरा एक्सप्रेस-वे में किया जा चुका है।



### सेल की अलग-अलग प्लांटों से की गई है सरिया की सप्लाई

जो 1100 टन सरिया भेजा गया है। उसमें 550 डी ग्रेड के 12 मिमी व्यास वाले करीब 120 टन टीएमटी बार और मर्चेंट मिल में उत्पादित समान ग्रेड वाले 32 मिमी व्यास के करीब 65 टन टीएमटी बार शामिल हैं। सेल से मिली जानकारी के मुताबिक राम मंदिर परियोजना के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की तमाम इकाइयों ने मिलकर अब तक लगभग 3500 टन सरिया की आपूर्ति की है। बीएसपी की मोडेक्स इकाई, बार एंड रॉड मिल में इसका उत्पादन किया गया है। ये स्थाई यांत्रिक गुणों और आईएस-1786 मानदंडों के मुताबिक उत्पादित अच्छी वेल्डेबिलिटी के उत्पाद हैं। इसे कम प्रयास से मोड़ा जा सकता है। यह सरिया लंबे समय तक कांक्रीट कवर की रक्षा करती है।

### बीटेक आदिवासी युवक नक्सलगढ़ के बच्चों को सिखाएगा कंप्यूटर

**जगदलपुर।** बस्तर का चांदामेटा गांव जहां कभी नक्सली अपने लाल लड़ाकों को बंदूक चलाना सिखाते थे, अब इस गांव का सबसे पढ़ा-लिखा युवक जुगल किशोर बच्चों को कंप्यूटर सिखाएगा। दिल की बीमारी से जूझ रहे इस होनहार आदिवासी युवक को कलेक्टर ने बालक आश्रम में नौकरी दी है। जुगल इस गांव का पहला युवक है, जो पढ़-लिखकर यहीं नौकरी कर रहा है। चांदामेटा के किसान परिवार के जुगल किशोर कोर्राम ने शुरुआती शिक्षा पास के ही गांव कोलेंग से ली है। इसके बाद जगदलपुर, फिर रायपुर के प्रयास स्कूल से आगे की पढ़ाई की। प्रयास में जुगल ने इंजीनियर बनने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और रायपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया। यहीं से बीटेक की पढ़ाई की।

उत्तर रेलवे
TENDER NOTICE
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण
आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 29-A, B, C, D, E, F, G, H & I-2023-24-डब्ल्यू-5 |
| 1 | काम का नाम (स्थान के साथ) | A) सहायक मंडल अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./पी.वे./हजरत नजामुद्दीन के अनुभाग में ग्लूड जॉइंट और स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का प्रतिस्थापन कार्य।<br>B) सहायक मंडल अभियंता/तुगलकाबाद के अधीन एस.एस.ई./पी.वे./ फरीदाबाद के अनुभाग में ग्लूड जॉइंट और स्विच एक्सपेंशन जॉइंट का प्रतिस्थापन कार्य।<br>C) जे.एन.सी.–पलवल खंड पर आर.सी.सी बॉक्स द्वारा मौजूदा पत्थर स्लैब पुलों यानी 1485/1,1485/3, 1485/4, 1486/1, 1486/2 और 1488/1 का प्रतिस्थापन कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: ए.आई.आर. पुशिंग/कट एवं कवर विधि के साथ पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण कार्य।<br>D) सीनियर डीईएन–वी के तहत डीएसजे, जीएचएच और पीटीआरडी स्टेशनों पर आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के संबंध में ट्रैक का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य।<br>E) नई दिल्ली–पलवल सेक्शन पर मौजूदा स्टोन स्लैब/ईट स्लैब/ह्यूम पाइप ब्रिज को प्रीकास्ट आर.सी.सी बॉक्स सेगमेंट ब्रिज नंबर 5, 7, 13, 17, 1483/1 और 1505/1 से बदलने का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: ए.आई.आर. पुशिंग/कट एवं कवर विधि के साथ पुलों/सीमित उच्च सबवे का निर्माण कार्य।<br>F) 30.06.2024 को समाप्त हाने वाली अवधि के लिए सहायक अभियंता/हजरत निजामुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./डब्ल्यू/एल./हजरत निजामुद्दीन के अनुभाग में स्टाफ क्वार्टरों और सेवा भवनों की मरम्मत और रखरखाव और दिन–प्रतिदिन के रखरखाव के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति के लिए वार्षिक क्षेत्र का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: ट्रैक कार्य के अलावा कोई भी सिविल कार्य।<br>G) हज़रत निज़ामुद्दीन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ सिग्नलिंग गियर के प्रतिस्थापन के संबंध में 2 रिले हट्स का निर्माण का कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: भवन/क्वार्टर का निर्माण।<br>H) एस.एस.ई./डब्ल्यू. गुडगाँव अनुभाग में पाटली और जे.एस.के.ए. स्टेशन पर 3.05 मीटर चौड़े एफ.ओ.बी. के प्रावधान के संबंध में सिविल कार्य। **समान कार्य की प्रकृति**: रनिंग ट्रैक में गर्डरों, प्लाट गर्डरों, एफओबी आदि के माध्यम से गर्डरों का निर्माण, आपूर्ति, संयोजन,निर्माण और लॉन्चिंग/संबंधित।<br>I) सहायक अभियंता/तुगलकाबाद के अधीन एस.एस.ई./पी.वे./फरीदाबाद के अनुभाग में डाउन लाइन से टी.आर.आर.(पी.) 60 किलोग्राम 14.550 कि.मी., पलवल-जे.एन.सी. सेक्शन के बीच कि.मी. 1479.4 से 1482/0, 1500/0 से 1502/0, 1510/0 से 1511/0 डाउन लाइन एवं सहायक अभियंता/हज़रत निजानुद्दीन के अधीन एस.एस.ई./पी.वे./हज़रत निजामुद्दीन के अनुभाग में हज़रत निजामुद्दीन-तुगलकाबाद सेक्शन के बीच डाउन लाइन कि.मी. 1515/0 से 1519/0, 1521.2 से 1522.65 और चौथी लाइन 1515/0 से 1518.5 टी.आर.आर. (पी.) कार्य। **समान कार्य की प्रकृति** : सी.टी.आर./टी.आर.आर./टी.एफ.आर./टी.टी.आर. जिसमें ट्रैक का उठान, स्क्रीनिंग गहरा करना, ट्रैक की चिंता, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के लिए प्री और पोस्ट के काम जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी–28 द्वारा टीटीआर का कार्य शामिल हैं। |
| 2 | काम की अनुमानित लागत (रुपये) | A) रु. 4581113.44 B) रु. 4585605.83 C) रु. 20817108.69 D) रु. 6128606.63 E) रु. 22029624.51 F) रु. 6000642.23 G) रु. 12620837.44 H) रु.16744698.69 I) रु. 20723393.68 |
| 3 | अग्रिम राशि (रुपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट : रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई –आई/ सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।)<br>A) रु. 91600.00 B) रु. 91700.00 C) रु. 254100.00 D) रु. 122600.00 E) रु. 260200.00 F) रु. 120000.00 G) रु.213100.00 H) रु.233700.00 I) रु.253600.00 |
| 4 | काम की समाप्ति अवधि | A) 05 महीने B) 05 महीने C) 06 महीने D) 04 महीने E) 06 महीने F) 09 महीने G) 04 महीने H) 06 महीने I) 06 महीने |
| 5 | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 02.02.2024 को 15:00 बजे तक तथा 02.02.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है |
| 6 | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

No. 128-W/280/OET/2023-24/W-V/NIT-29-A, B, C, D, E, F, G, H & I Date : 10.01.2024
130/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# मजबूत हुए ब्रिटेन के साथ भारत के सामरिक संबंध

सरकार भारत और ब्रिटेन के संबंध लगातार मजबूती की ओर बढ़ रही है। ऋषि सुनक के पीएम बनने के बाद ही कूटनीतिक हलके में अनुमान लगाया जाने लगा कि दोनों देशों के बीच ट्रेड, सामरिक साझेदारी और ग्लोबल मुद्दों पर समन्वय बढ़ेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ब्रिटेन यात्रा का सामरिक महत्व काफी अधिक है। भारत के साथ दोस्ती दिखाते हुए ब्रिटेन हिंद महासागर में अपने युद्धपोत भेजकर तैनात करेगा। इससे चीन की टेंशन बढ़ने वाली है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के ब्रिटेन दौरे के दौरान इस बात पर सहमति बनी है। इसे ब्रिटेन-भारत के बीच सुदृढ़ होते रणनीतिक संबंधों के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स ने कहा कि लिटोरल रिस्पांस ग्रुप (एलआरजी) को इस साल तैनात किया जाएगा और कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीआरजी) की 2025 में संयुक्त भारत-ब्रिटेन प्रशिक्षण के लिए तैनाती होगी। सीआरजी की पहली तैनाती 2021 में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हुई थी, जहां इसने भारतीय बलों के साथ संयुक्त अभ्यास किया था। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि नवीनतम तैनाती इस सप्ताह रक्षा मंत्री राजनाथ की पहली ब्रिटेन यात्रा के दौरान बढ़ी हुई साझेदारी को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, 'आने वाले वर्षों में ब्रिटेन और भारत अपनी-अपनी सेनाओं के बीच और अधिक जटिल अभ्यास शुरू करेंगे। इसके तहत, 2030 के अंत से पहले एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभ्यास करेंगे, जो महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय नियमों को बनाए रखने के साझा लक्ष्यों का समर्थन करेंगे।' यह भारत और ब्रिटेन के लिए वैश्विक मुद्दों पर एक साथ मिलकर काम करने एवं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में भारतीय मूल के व्यक्ति के उत्थान के साथ द्विपक्षीय संबंधों हेतु रोडमैप 2030 को लागू करने का एक अवसर है।.भारत-ब्रिटेन द्विपक्षीय संबंधों के परिप्रेक्ष्य में ब्रिटेन का दृष्टिकोण केवल भारत में वस्तुओं को बेचने के अवसर से, काफी आगे निकल गया है, और अब ब्रिटेन को भी ₹भारत से सीखना₹ चाहिए। भारत व ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के रोडमैप पर भी लंबे समय से वार्ता हो रही है। दोनों मुल्कों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते से आयात और निर्यात प्रवाह में वृद्धि, निवेश प्रवाह (बाहरी तथा आवक दोनों) में वृद्धि, संसाधनों के अधिक कुशल आवंटन के माध्यम से उत्पादकता में वृद्धि और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्द्धा के लिये अधिक खुलेपन से आर्थिक विकास एवं समृद्धि में वृद्धि होने की उम्मीद है। ब्रिटेन के लिए भारत के साथ एफटीए होना होना 'ग्लोबल ब्रिटेन' की उसकी महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देगा क्योंकि यूके 'ब्रेक्जिट' के बाद से यूरोप से परे भी अपने बाज़ारों के विस्तार की आवश्यकता तथा इच्छा रखता है। भारत-ब्रिटेन साझेदारी आज के वैश्विक हालात में बहुत महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन एक महत्त्वपूर्ण वैश्विक अभिकर्त्ता के रूप में वैश्विक मंच पर अपनी जगह सुदृढ़ करने के लिये हिंद-प्रशांत क्षेत्र की विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में अवसरों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। यह भारत के सहयोग के बिना संभव नहीं है। भारत के लिए हिंद प्रशांत में यूके एक क्षेत्रीय शक्ति है क्योंकि इसके पास ओमान, सिंगापुर, बहरीन, केन्या और ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र में नौसैनिक सुविधाएँ हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पहली ब्रिटेन यात्रा से दोनों देशों के संबंधों में नई सामरिक व कूटनीतिक गर्मी आएगी।

## दिवस विशेष

डॉ.संजय शुक्ला



# युवा धार्मिक सहिष्णुता के प्रति जिम्मेदारी निभाएं

आज भारत के अलौकिक आध्यात्मिक संत और महापुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती है जिसे 'युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वस्तुतः विवेकानंद ही सही मायनों में युवाओं के 'रोल मॉडल' हैं जिनके विचार उन्हें हर चुनौतियों में विजय की राह दिखाती है। वर्तमान परिवेश में जब देश में धार्मिक समरसता पर खतरा मंडरा रही है तब धर्म के बारे में स्वामी विवेकानंद के विचार सर्वाधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा था कि धर्म वह नैतिक बल है जो व्यक्ति और राष्ट्र को शक्ति प्रदान करता है उनकी धर्म की मीमांसा सार्वभौमिक थी।इतिहास गवाह है कि भारत में स्वामी विवेकानंद से लेकर स्वामी दयानंद सरस्वती जैसे अनेक युवा हुए हैं जिन्होंने देश में ही नहीं वरन पूरी दुनिया में सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिवर्तन लाया है।

भारत में धर्म हमेशा युवाओं के लिए आस्था और जिज्ञासा का विषय रहा है। वर्तमान आधुनिक दौर में सभी संप्रदायों के युवाओं में धर्म और आध्यात्म के प्रति आकर्षण बड़ी तेजी से बढ़ा है। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज 'सीएसडीएस' लोकमत द्वारा कुछ अर्सा पहले किए गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक 70 फीसदी हिंदू, 72 फीसदी मुस्लिम, 82 फीसदी सिख, 74 फीसदी ईसाई और 46 फीसदी अन्य धर्मों से जुड़े युवा प्रमुख धार्मिक अवसरों पर मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारा और गिरजाघर में जाकर पूजा व प्रार्थना करते हैं। सर्वेक्षण की पुष्टि विभिन्न धर्मों से जुड़े युवाओं के उनके पूजा और तीर्थ स्थलों में अच्छी खासी उपस्थिति से हो रहा है। हिंदू धर्म से जुड़े युवा नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक पर्वों और अनुष्ठानों के दौरान व्रत व पूजा करते हैं वहीं मुस्लिम युवा भी रमजान के महीने में रोजा रख रहे हैं तथा सिख और ईसाई धर्म से जुड़े धार्मिक अवसरों पर गुरूद्वारा और चर्च जरूर जाते हैं।

दरअसल आस्था और अंधविश्वास दोनों अलग-अलग हैं, आस्था जहां युवाओं में साकारात्मकता लाता है जिससे उनका आत्मविश्वास मजबूत होता है वहीं अंधविश्वास लोगों में नाकारात्मक भाव पैदा करता है जिससे आत्मबल कमजोर होता है। स्वामी विवेकानंद धर्म और आध्यात्म के पक्षधर थे लेकिन वे अंधविश्वास, छुआछूत और रूढ़िवादी व्यवस्था के सख्त विरोधी थे।आज के दौर में युवाओं के सामने किसी चुनौती पर सफलता हासिल करने के लिए उनमें भरपूर आत्मविश्वास होना जरूरी है भले ही यह धार्मिक आस्था के सहारे ही क्यों न हो आखिरकार धर्म हमें नैतिकता की भी सीख देती है। यदि विभिन्न धर्मों के धार्मिक परंपराओं, पूजा और उपासना पद्धति, होम -हवन, पूजा मुद्राओं, पर गौर करें तो इन परंपराओं का भौगोलिक, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सकीय आधार है जिससे वैयक्तिक और सामुदायिक स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इन विश्लेषणों के आधार पर धार्मिक आस्था को वैज्ञानिक और अंधविश्वास को पूर्णतः अवैज्ञानिक माना जा सकता है लिहाजा युवाओं को आस्था और अंधविश्वास के बीच फर्क को समझते हुए अंधविश्वास से दूर रहना होगा बल्कि समाज को भी इस दिशा में जागरूक करना चाहिए। दूसरी ओर युवाओं में बढ़ती धार्मिक आस्था के बीच चिंताजनक खबर यह भी है कि युवाओं का एक समूह धार्मिक कट्टरवादी संगठनों के मुहिम का हिस्सा बनने लगे हैं। वर्तमान राजनीतिक हालात पर गौर करें तो अमूमन सभी राजनीतिक दल वोट बैंक की सियासत के चलते धार्मिक कट्टरवाद व तुष्टिकरण की सियासत को आगे बढ़ा रहे हैं फलस्वरूप देश में सांप्रदायिक नफरत और अविश्वास की भावना बड़ी तेजी से पनप रही है। राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के आईटी सेल अपनी सियासत साधने के लिए सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट के जरिए युवाओं के धार्मिक भावनाओं को भड़का रहे हैं। विडंबना है कि अमूमन सभी धर्मों के युवा शिक्षा और रोजगार जैसे उनसे जुड़े बुनियादी मांगों के लिए आवाज उठाने की जगह कट्टरवादी धार्मिक संगठनों के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। बीते कुछ सालों में विभिन्न शहरों में धार्मिक जूलूसों और पर्वों के दौरान हिंसा और आगजनी की घटनाओं तथा सांप्रदायिक दंगों में युवाओं की संलिप्तता इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत अनेक धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं वाला देश है जहां सभी धर्म के लोग एक- दूसरे के सुख-दुख और पर्व व उत्सवों में शरीक होते रहे हैं लेकिन हाल के दिनों में धार्मिक असहिष्णुता के चलते इस समरसता के ताने-बाने में गांठ पड़ने लगी है जो सर्वधर्म समभाव की राह में रोड़े बन रहा है। बहरहाल "वसुधैव कुटुंबकम" की अवधारणा वाले देश में युवाओं का धार्मिक होना तभी सार्थक होगा जब वे अपने धार्मिक मान्यताओं और परंपराओं के साथ -साथ दूसरे धर्म के प्रति भी आदर और समानता का भाव रखेंगे आखिरकार सभी धर्मों के मूल में संस्कार, मानवता, शांति, प्रेम, भातृत्व, उपकार और सेवा है।

# विवेकानंद के सपने हो रहे साकार



युवा दिवस

शिव प्रकाश

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमृत काल की इस बेला में प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें।

कोलकाता के संभ्रांत परिवार विश्वनाथ दत्त एवं भुवनेश्वरी देवी के परिवार में 12 जनवरी 1863 को एक बालक का जन्म हुआ।भगवान शिव की तपस्या के बाद जन्मे इस बालक को बचपन में नाम मिला नरेंद्रनाथ दत्त। इस बालक को प्रेम से परिवार के सभी लोग नरेन के नाम से बुलाते थे। संन्यास दीक्षा के बाद नरेन स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो (अमेरिका) में आयोजित कार्यक्रम के ऐतिहासिक भाषण से यह संत संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गया। स्वामी जी का यह भाषण हिंदू धर्म की विशेषताओं एवं मान्यताओं को विश्व भर में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सफल हुआ।

गुलामी के कालखंड में स्वामी विवेकानंद ने भारतीय समाज में स्वाभिमान जगाने का कार्य किया। उनके इस प्रयास का परिणाम हुआ कि स्वतंत्रता के आंदोलन में सक्रिय सेनानियों की प्रेरणा के केंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने अपने जीवन की एक घटना का उल्लेख किया, "मैंने स्वामी विवेकानंद से शक्ति देने के लिए कहा ताकि मैं अपनी मातृभूमि को स्वतंत्र कर सकूँ।" अस्पृश्यता निवारण, अशिक्षा को दूर करना, उद्योगों का विकास एवं महिला उत्थान जैसे अनेक विषयों पर उन्होंने भारत के विकास की नई दृष्टि दी,जो आज भी हमारे लिए प्रेरक मार्गदर्शन है। भोग-विलासिता एवं सांप्रदायिकता के संघर्ष में फंसे वैश्विक समुदाय को भी उन्होंने विश्व शांति का मार्ग दिखाया। स्वामी जी भक्ति के साथ भारत के आधुनिक विकास के अद्भुत संगम थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर स्वामी विवेकानंद के विचारों की गहरी छाप दिखाई देती है। अपने विद्यार्थी काल में ही नरेन्द्र मोदी रामकृष्ण मिशन (राजकोट) से जुड़ गए थे। राजकोट शाखा के तत्कालीन प्रमुख स्वामी आत्मस्थानंद जी से उन्होंने संन्यास दीक्षा की इच्छा भी व्यक्त की थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी ने ही उन्हें समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। यह प्रेरणा ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए गरीब कल्याण एवं स्वाभिमानी समृद्ध भारत गढ़ने की प्रेरणा बन गई। रामकृष्ण मिशन के साथ उनका संबंध आज भी जीवंत बना है।

स्वामी विवेकानंद गुलामी की मानसिकता के संबंध में कहते हैं कि "परतंत्रता रूपी इस अंधकार ने भारत के स्वाभिमान को ऐसा ग्रहण लगाया कि भारतवासी अपना आत्मविश्वास ही खो बैठे।" आत्महीनता का परिणाम यह हुआ कि हमको हमारे महापुरुष, इतिहास, ज्ञान, कला एवं संस्कृति सभी में दोष देखने की प्रवृत्ति एवं विदेशी नकल को आधुनिकता का पर्याय मान लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प दोहराया। अमृतकाल की इस बेला में उन्होंने प्रत्येक भारतीय को पंचप्रण का पालन करने का आग्रह किया। इसमें भारतीय समाज को सभी प्रकार की गुलामी छोड़ने का भी प्रण था। 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इसी स्वाभिमान को जगाने के अनेक प्रयासों में से एक है।



स्वामी विवेकानंद शिक्षा द्वारा मनुष्य की लौकिक एवं पारलौकिक दोनों प्रकार की उन्नति चाहते थे। उनकी इच्छा थी कि पाठ्यक्रम में आधुनिक विषयों के साथ-साथ स्वास्थ्य, राष्ट्र सेवा जैसे विषय शामिल हों। नई शिक्षा नीति के माध्यम से सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा एवं भारत को वैश्विक ज्ञानमहाशक्ति बनाने का संकल्प स्वामी जी के विचारों का शिक्षा में प्रकट रूप है।

स्वामी विवेकानंद जी गरीबों की पीड़ा को देखकर बहुत व्यथित थे। अमेरिका के वैभव से भारत की गरीबी की तुलना करते हुए वह रात्रि भर रोते रहे। इसी पीड़ा को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा था कि अब हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए कि "दरिद्र देवो भव"। स्वामी जी ने भारत की उन्नति का घोषणा पत्र ही जैसे लिखा हो, उन्होंने कहा,"इस देश को उठने दो गरीबों की झोपड़ी से, मल्लाह की नौकाओं से, लोहार की भट्टियों से, किसानों के खेत-खलिहानों से, मोचियों की झोपड़ी से, गिरिकन्दराओं से, यह देश तो वहीं बसता है।" प्रधानमंत्री मोदी ने इस घोषणा पत्र को साकार रूप देना प्रारंभ किया। समाज के अलग-अलग वर्ग के गरीबों की जरूरतों की पूर्ति के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की।

स्वच्छता अभियान, उज्ज्वला योजना, प्रत्येक गांव को विद्युत आपूर्ति के लिए उजाला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन आदि अनेक योजनाएं गरीब उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित हुई। 4 करोड़ से अधिक परिवार को आवास देना, 1 करोड़ 36 लाख युवाओं के लिए कौशल विकास विभाग रोजगार उपलब्धि का माध्यम बना। 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह अन्न पहुँचाना, गरीब की रोटी की समस्या का समाधान है। गरीब की रोटी के विषय पर स्वामी विवेकानंद ने कहा था "गरीब को पहले रोटी दो तब गीता सुनाओ, क्योंकि उसकी आवश्यकता रोटी है।"

समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हमारे छोटे–छोटे शिल्पकार हैं, जिन्हें प्रधानमंत्री ने भारत का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा कहा है। इनमें बढ़ई, लोहार, सोनार, सुतार, कुम्हार, मूर्तिकार, मोची, धोबी आदि श्रेणी के लोग आते हैं। ऐसे वर्ग के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 30 लाख परिवारों को लगभग 1.5 करोड़ लोगों को सहायता मिलेगी। देश में ठेला लगाकर एवं रेहड़ी-पट्टी के माध्यम से बेचने वाले वेंडर जैसे लघु उद्योगों के माध्यम से जीवन यापन करने वाले लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के माध्यम से सहायता उपलब्ध कराकर उनके घर में रोशनी पहुंचने का कार्य किया है। शिकागो धर्म सभा के अवसर पर स्वामी विवेकानंद ने अपने भाषण में शिव महिमा स्त्रोत से एक मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा था -

रुचीनां वैचित्र्याद‍ृजुकुटिल नानापथजुषां।
नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव।।

समस्त धर्मों में एक ही परमात्मा का दर्शन एवं सबका लक्ष्य एक ही गंतव्य है, यह भाव उन्होंने व्यक्त किया था। संपूर्ण विश्व में योग की प्रतिष्ठा, कोरोना में "जान भी जहान भी" के आधार पर विश्व को सहायता, जी-20 में "वसुधैव कुटुंबकम" का आदर्श वाक्य यह स्वामी विवेकानंद जी द्वारा प्रस्तुत विचारों का प्रकटीकरण है।

स्वामी विवेकानंद जी का यह आह्वान "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक मत रुको"को मोदी ने अपने जीवन का आदर्श मान लिया है। बिना रुके, बिना थके यह कर्मयोद्धा उत्तिष्ठत भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में लगा है। हम सभी भारतवासी स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेकर अमृतकाल में भारत को समृद्ध, सुरक्षित, गौरवयुक्त, स्वाभिमानी भारत बनाकर विश्व का तमस हटाने का संकल्प लें। विवेकानंद को यही श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

## दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *-स्वामी विवेकानंद*

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित

## प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यटन का सरताज है हमारा देश

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देश के पर्यटक स्थल लक्षद्वीप की सुंदरता की प्रशंसा कर बहुत अच्छा काम किया। अगर इससे मालदीव के कुछ मंत्रियों को मिर्ची लगी और इस बौखलाहट में आकर हमारे देश के प्रति बेतुका बयानबाजी की, तो यह उनकी संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है। मालदीव एशिया का सबसे छोटा देश है, जबकि हमारा देश एक बहुत बड़ा देश पर्यटन की दृष्टि से भी है। हमारे देश में पर्यटन स्थलों का भंडार है और यहां दुनिया के लगभग सभी देशों से सालभर पर्यटक आते रहते हैं। हमारे देश में प्रकृति की खूबसूरती के साथ-साथ यह देवभूमि भी है। मालदीव को यह भी याद रखना चाहिए कि सभी देश एक-दूसरे पर किसी न किसी रूप में जरूर निर्भर हैं, यह चाहे पर्यटन स्थलों के रूप में भी क्यों न हो।

*- रामचरण सोनी, भाटागांव*

## ट्रेंड

### चादर भेंट की



मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात बहुत अच्छी रही। हमारी बातचीत के दौरान ही मैंने उन्हें पवित्र चादर भेंट की, जिसे ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के दौरान प्रतिष्ठित अजमेर शरीफ दरगाह पर रखा जाएगा।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### लड़ेंगे और जीतेंगे



कांग्रेस को सत्ता की पार्टी मानसिकता से हटकर सड़क पर आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। राहुल गांधी की मेहनत को यदि हमने निराशावादी मानसिकता से समाप्त कर दिया तो हम उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### मेहनत का सम्मान



रायबरेली के लक्ष्मण निषाद पिछले चार सालों से अपने तालाब के सिंघाड़े भेंट करने आते हैं तो वो दिन याद आता है जब उनके तालाब पर रूककर सिंघाड़े खाये थे। हर सबकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए और अपने-अपने स्तर पर प्रोत्साहन भी।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### इतिहास में दर्ज




यह दुखद है कि रामजन्मस्थान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी विवादहीन नहीं रह सकी। इसके शास्त्रीय पक्षों पर भी हमारे चारों शंकराचार्य एक स्वर में नहीं बोल रहे हैं। उनकी अनुपस्थिति महत्वपूर्ण है। इतिहास में दर्ज होगी।

-राहुल देव, पत्रकार

## करंट अफेयर

# गाजा के सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले

इजराइली सेना ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में एक भूमिगत सुरंग में बंधकों की मौजूदगी के सबूत मिले हैं। सेना ने पत्रकारों को सुरंग दिखाई। उन्हें नष्ट हुए मकानों और ध्वस्त सड़कों के मलबे के पास ले जाया गया था। टिन से बने एक झोपड़ीनुमा आवास के अहाते में सुरंग का प्रवेश द्वार ढंका था। एक अस्थायी सीढ़ी लगभग आठ फुट नीचे, संकरे भूमिगत रास्ते की ओर जाती थी। सुरंग का तापमान गर्म था और उसमें उमस थी जिसकी दीवारें कंक्रीट और बिजली के तारों से अटी पड़ी थीं। अंदर एक शौचालय था और सेना के अनुसार उसे वहां बंधकों के होने के निशान मिले हैं जिसमें उनके डीएनए भी शामिल हैं। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा, 'यहां इस सुरंग में बंधकों को रखा गया था।' हैगारी ने इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया कि सुरंग में वास्तव में क्या मिला और न ही उन्होंने यह बताया कि बंधक वहां कब से थे या उन्होंने उनकी पहचान कैसे की। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि क्या वे मारे गए या जीवित हैं। बाद में मीडियाकर्मियों को दिए एक बयान में उन्होंने बिना कुछ विस्तार से बताए कहा कि बंधकों को 'कठिन परिस्थितियों' में रखा गया था।



## ऑफ बीट

# एयर कंडीशनिंग का सही उपयोग कैसे करें

इतने सारे लोगों के पास घर पर एयर कंडीशनिंग होने के बावजूद, कई लोग अभी भी अनिश्चित हैं कि इसका कुशलतापूर्वक उपयोग कैसे किया जाए। और एयर कंडीशनिंग में बहुत अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है। उदाहरण के लिए, एक औसत घर में पूरे दिन और रात सभी लाइटें चलाने पर उतनी ही ऊर्जा की खपत होती है, जितनी उसी घर में एक घंटा एयर कंडीशनर चलाने पर होती है। बहुत से लोग सोचते हैं कि कमरे को थोड़े समय के लिए ठंडा करने के लिए बहुत कम तापमान, जैसे कि 17°सेल्सियस, पर एयर कंडीशनिंग को चालू करके वे पैसे और ऊर्जा बचा सकते हैं – इसे बंद करने से पहले और बाद में दोबारा चलाने की जरूरत पड़ने तक ठंडी हवा का आनंद लें। लेकिन एक कमरे को बहुत ठंडे तापमान तक ले जाने के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। हमारा ध्यान एयर कंडीशनिंग यूनिट की ओर आकर्षित करते हुए, सबसे अधिक ऊर्जा कुशल क्रिया तापमान को उच्चतम मूल्य पर सेट करना है जो अभी भी आरामदायक है (दिन के दौरान 26 डिग्री सेल्सियस और सोते समय 22 डिग्री सेल्सियस की अक्सर सिफारिश की जाती है)।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



**108 फीट लंबी अगरबत्ती अयोध्या पहुंची**

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के लिए 108 फीट लंबी अगरबत्ती लेकर एक ट्रक गुरुवार को अयोध्या में प्रतिष्ठा समारोह के लिए मंदिर पहुंच रहा।



**इस तरह की जा रही भव्य सजावट**

अयोध्या में रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कारीगर से लेकर शिल्पकार और कलाकार से लेकर मजदूर तक बड़ी शिद्दत से अपने-अपने काम में जुटे हुए हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर हर तरफ उल्लास और उत्सवी माहौल है।

## खबर संक्षेप

### मोदी फिर पीएम न बने तो फांसी लगा लूंगा

**मुंबई।** शिवसेना के शिंदे गुट के विधायक संतोष बांगड़ ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी ही दोबारा केंद्र की सत्ता में लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा यह दावा है और ऐसा ही होगा। यही नहीं उन्होंने कहा कि यदि मेरी बात गलत साबित हुई तो मैं चौराहे पर फांसी लगा लूंगा। शिंदे को असली शिवसेना बताने के बाद यह कहा।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि की सुनवाई फिर बढ़ी

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट में बगुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में सर्वे की मांग की गई। सेवानिवृत्त जज की अगुवाई में दो अधिवक्ताओं को भी रख जाए। मौके पर ईदगाह मस्जिद पक्ष के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।



### सीएम मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर

**चंडीगढ़।** अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने मुक्तसर अदालत में सीएम भगवंत सिंह मान के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया है। बादल ने कहा कि मान बादल परिवार के खिलाफ लगातार झूठे बयान दे रहे हैं। जिस कारण उन्होंने आज मुख्यमंत्री के खिलाफ अदालत में मानहानि का केस दायर किया है।



### मणिपुर में चार में से तीन के शव बरामद

**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में जंगल में जलाने की लकड़ी लेने गए लापता 4 लोगों में से 3 गुरुवार को चुराचांदपुर जिले में मृत पाए गए। बिष्णुपुर जिले के अकासोई के 4 लोग बुधवार दोपहर चुराचांदपुर में लकड़ी इकट्ठा करने के दौरान लापता हो गए थे। इनकी पहचान कर ली गई है।



### कांग्रेस नेता राहुल शुरू कर रहे 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

# मणिपुर के बाद असम सरकार ने न्याय यात्रा को दी सशर्त अनुमति

*अब असम सरकार ने रात्रि विश्राम की इजाजत देने से इंकार कर दिया है। यह जानकारी खुद कांग्रेस पार्टी ने ही दी है। इसके पहले मणिपुर सरकार ने न्याय यात्रा को शर्तों के साथ इजाजत दे दी है। इसके साथ मणिपुर सरकार ने सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति दी है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

**कांग्रेस ने लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन का लगाया आरोप**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 14 जनवरी से शुरू होनी है यह यात्रा**

कांग्रेस ने गुरुवार को आरोप लगाया कि असम की सरकार ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को दो जिलों में रात्रि विश्राम की इजाजत नहीं दी है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान असम में विपक्ष के नेता देबब्रता सैकिया ने बताया कि पार्टी अब यात्रा के दौरान रात्रि विश्राम के लिए वैकल्पिक जगह की व्यवस्था कर रही है। इसके लिए निजी प्रॉपर्टी में रात्रि विश्राम की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है, जहां राहुल गांधी समेत पार्टी के अन्य नेता रात्रि विश्राम कर सकेंगे।



### 20 मार्च को मुंबई में समापन

राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर की राजधानी इंफाल से शुरू होनी है। वहीं यात्रा का समापन 20 मार्च को मुंबई में होगा। असम में 18-25 जनवरी के बीच भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकलेगी। सैकिया ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस पार्टी ने भारत की आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी, वह अब देश पर शासन कर रही है। वह नहीं चाहते कि लोगों की समस्याएं उजागर हो।

### स्थल बदलने पर मिली मणिपुर सरकार से सशर्त मंजूरी

मणिपुर सरकार ने न्याय यात्रा को बुधवार को सशर्त इजाजत दी। कांग्रेस की तरफ से हट्टा कांगजेइबुंग मैदान से यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए संपर्क करने के 8 दिन बाद मिली। इंफाल ईस्ट जिले के जिलाधिकारी कार्यालय ने आदेश में कहा, किसी भी अप्रिय घटना और कानून-व्यवस्था में गड़बड़ी को रोकने के लिए 14 जनवरी को केवल सीमित संख्या में प्रतिभागियों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने की अनुमति दी गई है। प्रतिभागियों की संख्या और नाम इस कार्यालय को पहले ही उपलब्ध करा दिए जाएंगे ताकि यह कार्यालय सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने में सक्षम हो सके। इससे पहले कांग्रेस ने दावा किया था कि मणिपुर सरकार ने इंफाल के पैलेस ग्राउंड से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

### 'भाजपा हमारे लोकतांत्रिक अधिकार का कर रही हनन'

सैकिया ने कहा कि हमने धेमाजी जिले में गोगामुख में स्कूल के मैदान पर रात्रि विश्राम के लिए अपने कंटेनर वाहनों को पार्क करने की इजाजत मांगी थी। शुरुआत में इजाजत दे दी गई थी, लेकिन अंतिम समय में इस मंजूरी को वापस ले लिया गया। इसी तरह जोरहाट में एक कॉलेज के खेल मैदान पर रात्रि विश्राम की मांग की गई थी, लेकिन सरकार ने वहां भी इजाजत नहीं दी। भाजपा हमारे मार्च करने के लोकतांत्रिक अधिकार का हनन कर रही है।

### खरगे ने भी साधा निशाना

कांग्रेस का कहना है यह यात्रा सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों पर केंद्रित है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए संसद का दरवाजा बंद कर दिया है, इसलिए लोगों की आवाज उठाने के मकसद से यात्रा निकालनी पड़ रही है।

### अरुणाचल में गरजे अध्यक्ष नड्डा



## परिवार रक्षा के लिए भारत तोड़ो अन्याय यात्रा कर रही कांग्रेस

एजेंसी ▸▸ ईटानगर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अरुणाचल प्रदेश में राज्य कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विपक्षी इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पर जमकर बरसे।

उन्होंने कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' को 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' करार दिया। साथ ही उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की भी आलोचना की और आरोप लगाया कि इसका गठन काले धन और संबंधित पार्टियों के नेताओं के परिवारों की रक्षा के लिए किया गया है।

### फूट डालो और राज करो की राजनीति...

नड्डा ने देश को एकजुट करने में कांग्रेस की भूमिका पर भी सवाल उठाया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस अपनी 'फूट डालो और राज करो' की राजनीति के लिए जानी जाती है और उसने देश को 'बांटने'के लिए सब कुछ किया और अब अपने गलत कृत्यों को छिपाने के लिए एक यात्रा आयोजित कर रही है। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर के इंफाल से शुरू होगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। अरुणाचल प्रदेश में यात्रा का चरण 20 जनवरी को निर्धारित है।

### हम देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएं

नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा स्वागत करने के लिए उचित कतार में खड़े लोगों को देखने के बाद, मुझे कहना होगा कि अरुणाचल प्रदेश 'अनुशासन की भूमि' है। हमें मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। हमें तेजी से जाना होगा, लेकिन इसके साथ-साथ हमें और अधिक जिम्मेदार भी बनना होगा।

### सौजन्य भेंट....



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर गृहमंत्री से चर्चा की।

### 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर सीएम ममता की 'ना'

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर असहमति जताई है। उन्होंने उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा कि वो इससे सहमत नहीं हैं। उच्च स्तरीय समिति को लिखे पत्र में ममता ने कहा, मुझे खेद है कि मैं 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा से सहमत नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि ये सही नहीं है और ये देश के संवैधानिक बुनियादी ढांचे के खिलाफ होगा। हम एक साथ चुनाव कराए जाने से सहमत नहीं हैं। साल 1952 में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।



## समुद्री सुरंगें बनाने का काम शुरू 270 किमी मार्ग पर डक्ट बिछा रहे

### रेल मंत्री वैष्णव ने बताई प्रोजेक्ट की प्रगति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर नई जानकारियां दी है। उन्होंने मुंबई-अहमदाबाद रूट पर प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर कहा कि अब तक 508 किमी से 270 किम5ी के मार्ग पर तारों के लिए डक्ट बिछाने का काम पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट का काम समय पर है।

मुंबई-ठाणे के बीच समुद्र के नीचे बन रही सुरंग का काम भी शुरू हो चुका है। इस रूट पर पड़ने वाली आठ नदियों पर पुल निर्माण का काम जारी है। दो पुलों का काम पूरा हो चुका है। साबरमती टर्मिनल स्टेशन का काम पूरा होने की कगार पर है।

### बुलेट ट्रेन के लिए जमीन अधिग्रहण पूरा



हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया कि उसने मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर के लिए गुजरात, महाराष्ट्र और दादर और नगर हवेली में भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया है। वैष्णव ने भी बताया था कि परियोजना के लिए आवश्यक पूरी 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है।

### अयोध्या में भी किए जा रहे कई काम

रेल मंत्री ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या धाम स्टेशन की क्षमता बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि अयोध्या में 5 स्टेशन हैं और इन सभी को क्षमता बढ़ाने के लिए तैयार किया जा रहा है। यहां लखनऊ से आने वाली रेल लाइनों के दोहरीकरण का काम जारी है। वाराणसी जाने वाली लाइनों को भी डबल किया जा रहा है। प्रयागराज व गोरखपुर से आने वाली लाइनों को भी बढ़ा रहे।

## कलकत्ता हाईकोर्ट की 'रोक', 18 जनवरी तक सीएम ममता से मांगा हलफनामा

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी और केंद्रीय जांच एजेंसियों का टकराव अक्सर सुर्खियां बटोरता है। यह मामला टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर ईडी की छापेमारी और ईडी की टीम पर कथित तौर से हुए जानलेवा हमले का है।

इस मामले में ईडी और शाहजहां शेख एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगा चुके हैं। अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने टीएमसी नेता की तरफ से दर्ज कराई गई प्राथमिकी पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रतिवादियों से 18 जनवरी तक जवाब दाखिल कर सुनवाई की अगली तारीख मुकर्रर की।

### ईडी के खिलाफ एफआईआर पर सुनवाई

**22 को होगी अगली सुनवाई**



एफआईआर पर स्थगन आदेश पारित करते हुए हाईकोर्ट की पीठ ने कहा, प्रतिवादी को 18 जनवरी तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया जाता है। इसके माध्यम से रिकॉर्ड पर केस डायरी लाई जाएगी। जरूरत पड़ती है तो ईडी को भी हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को तैयार रहना होगा। पीठ ने अगली सुनवाई 22 जनवरी को तय की है।

### ईडी के सामने नहीं पेश हुए फारूक अब्दुल्ला



जम्मू कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ईडी के सामने नहीं हुए पेश। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए उनको श्रीनगर स्थित कार्यालय में पेश होने को कहा गया था। फारूक बीमारी का बहाना बनाते हुए ईडी के सामने नहीं हुए। पार्टी ने औपचारिक बयान नहीं दिया।

### गडकरी ने किया परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**पंजाब के होशियारपुर में केंद्रीय सड़क मंत्री ने किया सुधार संबंधी बड़ा ऐलान**

## पंजाब में 4,000 करोड़ की लागत से 29 नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का निर्माण शुरू, दक्षता सुधरेगी

एजेंसी ▸▸ होशियारपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पंजाब के होशियारपुर में 4,000 करोड़ की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

गडकरी ने सोशल मीडिया हैंडल पर भी एक पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन से बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, जिससे कार्यान्वयन क्षेत्र का समग्र आर्थिक विकास होगा और आबादी की जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। यातायात की निर्बाध और मुक्त आवाजाही होगी जिससे माल ढुलाई की दक्षता में भी सुधार होगा।



### कई 4-लेन बाइपास बनेंगे

गडकरी ने सड़क कनेक्टिविटी के संदर्भ में अन्य नई परियोजनाओं की भी घोषणा की। इस घोषणा में 1600 करोड़ रकी लागत से जालंधर से पठानकोट मार्ग पर मुकेरियां, दसुइया और भोगपुर में 45 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास और 800 करोड़ की लागत से टांडा से होशियारपुर तक 30 किलोमीटर के 4-लेन बाइपास का निर्माण शामिल है।

### लाडोवाल बाइपास से होगा सीधा संपर्क

लुधियाना में जीटी रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग 5 को जोड़ने वाले 4-लेन वाले लाडोवाल बाइपास के निर्माण से लुधियाना-फिरोजपुर राजमार्ग को दिल्ली-जालंधर राजमार्ग (राष्ट्रीय राजमार्ग 44) से सीधी कनेक्टिविटी प्राप्त होगी।वहीं दूसरी तरफ तलवंडी भाई से फिरोजपुर खंड और फिरोजपुर बाइपास के 4-लेन के निर्माण से कनेक्टिविटी में सुधार होगा।

### फगवाड़ा और होशियारपुर में यातायात होगा सुगम

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि फगवाड़ा और होशियारपुर बाइपास सहित इस खंड के 4-लेन के निर्माण से फगवाड़ा और होशियारपुर के बीच 100 किलोमीटर प्रति घंटे की हाई-स्पीड कनेक्टिविटी मिलेगी और यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर 30 मिनट हो जाएगा। फगवाड़ा और होशियारपुर बाईपास शहरी क्षेत्र में भीड़भाड़ को कम करेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग 44 (जीटी रोड) के माध्यम से होशियारपुर को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

# 'शेड्यूल-एम' के नियम से भारत में महंगी हो सकती हैं दवाइयां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को दुनिया की फार्मेसी कहा जाता है। सस्ती दवाइयां बनाने में भारत का कोई सानी नहीं, लेकिन आने वाले दिनों में ये हकीकत बदल सकती है। देश में लोगों के इलाज का खर्च बढ़ सकता हैं, क्योंकि दवाइयों की कीमत बढ़ने के आसार हैं। दरसअल दवाओं की सप्लाई शॉर्ट होने से कुछ समय बाद इनकी कीमतों में तेजी आने की संभावना है। दरअसल स्वास्थ्य मंत्रालय ने दवा कंपनियों के लिए कुछ नियम बनाए हैं, जो उनके फैक्टरी चलाने के मानक तरीकों से जुड़े हैं। इन नियमों की वजह से देश में सस्ती दवाएं बनाने वाली कई छोटी कंपनियों पर फैक्टरी बंद करने की तलवार लटक रही है।

- देश की कई छोटी और मझौली कंपनियों पर लटकी तलवार

## दवा कंपनियों के कामकाज करने के तरीकों को लेकर नियमों में संशोधन

### सरकार ने अनिवार्य किए नियम

पिछले साल जुलाई में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने साफ किया था कि माइक्रो, स्मॉल और मीडियम (एमएसएमई) दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' अनिवार्य किया जाएगा। इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि जो कंपनियां सालभर में 250 करोड़ से अधिक का टर्नओवर करती हैं, उन्हें 1 अगस्त 2023 तक इन नियमों का पालन करना है। जबकि छोटी कंपनियों को एक साल का वक्त मिलेगा।



### होगी दवाओं की कमी

इससे देश की कई छोटी और मझोली दवा कंपनियों पर बंद होने की तलवार लटक रही है। उन कंपनियों के पास इतने संसाधन ही नहीं है कि वह इनमें से कई नियमों का पालन कर सकें। ऐसे में दवाओं की शॉर्टेज होना लाजिमी है। ये दवाओं की कीमत बढ़ाने का काम करेगा।

### अपग्रेडेशन के लिए चाहिए पूंजी

इस मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध संगठन 'लघु उद्योग भारती' के हवाले से कहा है कि छोटे स्केल की दवा कंपनियों के लिए 'शेड्यूल-एम' लागू करना मुश्किल काम है। कंपनियां क्वालिटी पर नियमों का पालन कर सकती हैं, लेकिन अपग्रेडेशन करने के लिए पूंजी चाहिए। ऐसे में कई कंपनियां को अपना कारोबार बंद करना होगा।

### स्वास्थ्य मंत्रालय के नियमों ने बढ़ाई चिंता

स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल में दवा फैक्टिरयों के काम-काज करने के तौर तरीकों को लेकर बनाए गए संशोधित नियम 'शेड्यूल-एम' का नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें बताया गया है कि दवा कंपनियों के पास कितना बड़ा दफ्तर हो, कितनी बड़ी फैक्टरी हो, कौन से प्लांट और कौन से इक्विमेंट इस्तेमाल करने चाहिए। इन सबकी डिटेल दी गई है। साथ ही दवा उत्पादन के लिए अच्छी प्रैक्टिस कौन सी हैं, उनकी जानकारी भी दी गई है। इतना ही नहीं दवा कंपनियों को हर साल क्वालिटी रिव्यू और क्वालिटी रिस्क मैनेजमेंट का रिव्यू भी करना होगा।

## खबर संक्षेप

### भारत-जापान कोष महिंद्रा एंड महिंद्रा में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** भारत-जापान कोष वाहन बनाने वाली घरेलू कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की इकाई महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लि. में 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बयान में कहा कि भारत-जापान कोष (आईएजेएफ) 6,600 करोड़ रुपये तक के मूल्यांकन पर 400 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

### कामिनेनी के लिए कल्याणी स्टील्स सफल बोलीदाता



**नई दिल्ली।** कल्याणी समूह की इकाई कल्याणी स्टील्स लि. परिसमापन के तहत कामिनेनी स्टील एंड पावर इंडिया की संपत्तियों का अधिग्रहण करने के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उभरी है। कल्याणी स्टील्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि अधिग्रहण के लिए 450 करोड़ रुपये का नकद भुगतान किया जाना है।

### आईपीएम की 100 पेट्रोल पंप खोलने की योजना




**गुवाहाटी।** ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है।

## संपत्ति लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना

# सरकार की 84 कंपनियों में 'शत्रु संपत्ति' शेयर बेचने की योजना

- सरकार पाक और चीन जाने वालों की संपत्ति का निपटान चाहती है
- 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक शत्रु संपत्ति
- पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में 1.88 लाख शेयर बेचेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार 84 कंपनियों में 2.91 लाख से अधिक 'शत्रु संपत्ति' शेयरों को लोगों और कॉरपोरेट को किस्तों में बेचने की योजना बना रही है। सरकार का इरादा पाकिस्तान और चीन जाने वाले व्यक्तियों की संपत्ति का निपटान करना है। एक सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, पहली किस्त में सरकार 20 कंपनियों में करीब 1.88 लाख शेयर बेचने पर विचार कर रही है।

उसने 10 श्रेणियों के खरीदारों से आठ फरवरी तक बोलियां आमंत्रित की हैं, जिनमें व्यक्तिगत लोग, एनआरआई, हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), पात्र संस्थागत खरीदार (क्यूआईबी), न्यास और कंपनियां शामिल हैं। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले (ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच) लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्ति को 'शत्रु संपत्ति' कहा जाता है। प्रस्तावित शेयर बिक्री देश में 'शत्रु संपत्ति' के निपटान की सरकार की पहल का हिस्सा है।

### आरक्षित मूल्य से नीचे की बोली अस्वीकार होगी

खरीदारों को उन शेयरों के लिए बोली लगानी होगी जिन्हें वे खरीदना चाहते हैं और सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे उद्धृत किसी भी बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा। आरक्षित मूल्य की जानकारी संभावित बोलीदाताओं को नहीं दी जाएगी। भारत के शत्रु संपत्तियों के संरक्षक (सीईपीआई) के पास 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर हैं।



### सरकार 2709 करोड़ रुपए से अधिक के शेयर बेच चुकी

एसबीआई कैपिटल मार्केट्स को सीईपीआई द्वारा रखे गए शेयरों की बिक्री के लिए मर्चेंट बैंकर और सेलिंग ब्रोकर के रूप में नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा ने पिछले महीने संसद को सूचित किया था कि देश में शत्रु संपत्तियों के निपटान की पहल के तहत सरकार द्वारा 2,709 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे गए हैं।

### 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव

सार्वजनिक नोटिस में, निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने कहा, '' भारत सरकार ने 84 कंपनियों के 2,91,536 शेयर बेचने का प्रस्ताव रखा है। इसमें चुनिंदा 20 कंपनियों और 1,87,887 शेयरों के नाम भी सूचीबद्ध किए गए हैं जिन्हें विनिवेश करने का प्रस्ताव है।

### खरीदारों को बोलियां जमा करनी होगी

दीपम के अनुसार, इच्छुक खरीदारों को अपनी बोलियां जमा करनी होंगी, जिसमें एक निर्दिष्ट फॉर्म में उन कंपनियों के शेयरों की संख्या और संबंधित शेयरों के लिए बोली मूल्य की जानकारी देनी होगी। सरकार इनमें से प्रत्येक कंपनी के शेयरों के लिए एक आरक्षित मूल्य तय करेगी जिसका खुलासा नहीं किया जाएगा। आरक्षित मूल्य से कम मूल्य पर प्रस्तुत मूल्य बोलियां खारिज कर दी जाएंगी।

### वैध बोलीदाताओं को होंगे शेयर आवंटित

दीपम ने कहा, ''भारत सरकार की मंजूरी पर मूल्य प्राथमिकता के आधार पर वैध बोली जमा करने वाले पात्र बोलीदाताओं को शेयर आवंटित किए जाएंगे। सीईपीआई के तहत शत्रु शेयरों के निपटान की प्रक्रिया और तंत्र को आठ नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | Tender No. 219933 | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "सभी प्रकार के एलएचबी कोचों के लिए फ्लीट ग्राफिक फिल्म के साथ बाहरी पेंट की आपूर्ति और अनुप्रयेग आरसीएनके.एसएनपी में कार्य के दायरे के अनुसार" | | |
| अनुमानित लागत | ₹72,14,343.00 जीएसटी @18% सहित | | |
| ब्याना राशि | ₹1,44,300/- | | |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरम्भ होने से बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 24.01.2024 खुलने का समय 15:00 बजे। | | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS की साइट पर उपलब्ध है। जो कि है www.ireps.gov.in | | |
| यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | | | |

निविदा सूचना संख्या: 219923 दिनांक: 10.01.2024 113/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | Tender No. 203820RT2 | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एलएचबी कोच/एलडब्ल्यूएलआरआरएम (कॉइल स्प्रिंग) की सभी प्रकार की फिएट बोगियों की मरम्मत और एअरब्रेक परीक्षण और एअर स्प्रिंग कार्य के दायरे के अनुसार आरसीएनके/एसएनपी पर एसएस–I शॉप शेड्यूल के दौरान" | | |
| अनुमानित लागत | ₹5,29,585.00 जीएसटी @18% सहित | ब्याना राशि: ₹10,600/- | |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरम्भ होने से बारह महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 31.01.2024 खुलने का समय 14:00 बजे। | | |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS की साइट पर उपलब्ध है। जो कि है www.ireps.gov.in | | |
| यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | | | |

निविदा सूचना संख्या: 203820RT2 दिनांक: 10.01.2024 114/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश कुमार पुत्र हरबंस लाल निवासी म. नं. सीए36सी, शालीमार बाग, दिल्ली** अन्य पता: **बीएस–ब्लॉक, 57ए, जनता फ्लैट, शालीमार बाग, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **143/2012 अन्तर्गत धारा 420/468/471/201/34 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टॉउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार** मिल नहीं रहा(रही) है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार** फरार हो गया(गई) हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा(रही) हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **143/2012 अन्तर्गत धारा 420/468/471/201/34 आईपीसी के तहत् थाना मॉडल टॉउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.02.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री हिमांशू सेहलोथ**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–03
कोर्ट नं. 213 (उत्तर), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/343/NW/2024**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आदित्य उर्फ राज उर्फ राज कुमार पुत्र सतीश उर्फ महेंद्र,** निवासी E-291, JJ कॉलोनी, सेक्टर-24 रोहिणी, दिल्ली ने **FIR. 380/23 U/s 307/146/147/148/201/34 IPC.,** के अंतर्गत थाना: **बुध विहार,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आदित्य उर्फ राज उर्फ राज कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आदित्य उर्फ राज उर्फ राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. 380/23 U/s 307/146/147/148/201/34 IPC.,** थाना: **बुध विहार** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आदित्य उर्फ राज उर्फ राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**दिव्या अरोड़ा, MM,**
कमरा नंबर 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/314/RD/2024**


## सोना 63,150 रुपए पर स्थिर, चांदी में बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर अपरिवर्तित रहा। चांदी की कीमत भी 76,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबारकर रही हैं। बुधवार को भी सोना इसी स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच, एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में फरवरी अनुबंध के लिए सोने का भाव 164 रुपये बढ़कर 62,160 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसके अलावा चांदी का मार्च अनुबंध के लिए भाव 120 रुपये बढ़कर 72,089 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।

## एल्गी ने फ्लोरिडा के मियामी में एयरलैब फिटनेस के सिमुलेटेड हाई-एल्टीट्यूड फिटनेस ट्रेनिंग फैसिलिटी की शुरुआत की

*नई दिल्ली। दुनिया के अत्याधुनिक अग्रणी एयर कंप्रेसर निर्माताओं में से एक, द एल्गी इक्विपमेंट्स ने मियामी स्थित फिटनेस स्टूडियो, एयरलैब फिटनेस की शुरुआत की है, जो एल्टीट्यूड पर मजबूत, कंडीशनिंग और एचआईटीटी क्लासेज की पेशकश करते हुए प्रत्येक ग्राहक के लिए प्रशिक्षण से होने वाले लाभ और रिकवरी प्रक्रिया को गति देगा। सिम्युलेटेड हाई-एल्टीट्यूड वातावरण ऑस्ट्रेलियाई-आधारित एल्टीट्यूड ट्रेनिंग सिस्टम्स (एटीएस) से हाइपोक्सिक एयर चैंबर्स के भीतर एल्गी की ईजी 37 श्रृंखला स्क्रू एयर कंप्रेसर से संचालित है, जो एल्टीट्यूड टेक्नोलॉजी में अग्रणी है। एयरलैब फिटनेस के को-सीईओ, वरुण जय वरदराज ने कहा, एयरलैब में, हमारे प्रशिक्षण दर्शन की बुनियाद ट्रेन हाई, लिव लो है। हमारा स्टूडियो तेज रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए मियामी के वातावरण का लाभ उठाते हुए हमारे मेंबर्स को हाई एल्टीट्यूड सेशंस के दौरान आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। एल्गी एकमात्र कंपनी के रूप में सामने आई, जिसने हमें इस आकार और पैमाने पर कम लागत में कंप्रेस्ड एयर सॉल्यूशंस मुहैया कराया। एल्गी की उच्च-गुणवत्ता और ऊर्जा-कुशल कंप्रेस्ड एयर सिस्टम कम परिचालन लागत की क्षमता से युक्त है, जो हमारे जैसे स्टार्ट-अप के लिए सर्वाधिक अहम पहलू है। उनकी अपटाइम गारंटी के साथ, हमें निरंतर समर्थन का आश्वासन मिलता है।*

## जोड़ों एवं मांसपेशियों के दर्द को दूर करने में प्रभावकारी 'रूमा ऑयल'

*नागपुर। जोड़ों के दर्द की समस्या मध्यम वर्ग की आयु के व्यक्तियों के लिए संभवतः सामान्य हो गई है। रूमा ऑईल (बाह्योपचार) एक प्रभावी पेटेन्ट आयुर्वेदिक औषधि है जो बैद्यनाथ द्वारा निर्मित है। बैद्यनाथ के रिसर्च डिवीजन ने रूमा ऑईल यह औषधि आयुर्वेद के विशेषज्ञों की देखरेख में गहन अध्ययन के पश्चात तैयार किया है। श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन आयुर्वेदिक दवाओं का सबसे बड़ा विश्वसनीय निर्माता है, जो सन 1917 से अपने उत्कृष्ट उत्पादनों का निर्माण करते आ रहा है। रूमा ऑईल में आयुर्वेद ग्रंथों में वर्णित वेदनाशामक जड़ी बूटियों का मिश्रण है जैसे - एरण्डमूल, धतूरा पंचांग, अश्वगंधा, शतावरी, आमाहल्दी, कुचला, वत्सनाम, प्रसारिणी से सिद्ध तेल, गन्धापुरी तैल (ऑइल ऑफ विन्टरीन), टर्पेन्टाईन ऑयल व कपूर यह वेदना निवारक है। प्रसारिणी तेल में 'प्रसारिणी' यह जड़ी बूटी मुख्य घटक द्रव्य है जो द्रव्यगुण विज्ञान में वेदना एवं सूजन शोथ को दूर करने हेतु प्रचलित है। रूमा आईल के मालिश से मांसपेशियों को बल मिलने और हड्डियाँ मजबूत बनने में सहायता होती है। गन्धापुरी तेल व कपूर स्थानीय वेदना को दूर करने के लिए प्रसिद्ध है।*

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।


**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 63 अंक और चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक सतर्क
- अमेरिकी आंकड़ों से पहले बाजार से बनाई दूरी

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। कारोबार के दौरान बाजार में अच्छी तेजी थी लेकिन प्रमुख आईटी कंपनियों टीसीएस और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिका में बृहस्पतिवार को और भारत में शुक्रवार को जारी होने वाले महंगाई और अन्य आर्थिक आंकड़े से पहले निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.47 अंक चढ़कर 71,721.18 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 28.50 अंक की बढ़त के साथ 21,647.20 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

## शब्द पहेली - 5392



**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर–4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)–4
6.अनाज, धान–2
7.अवनति–3
8.जीवन तत्व–2
10.पुलिसकर्मी–4
11.भीगा हुआ–2
13.घमंडी,अभिमानी–4
15.दर्शन–3
17.अजदहा,शयालु–4
20.वायु रोग–2
21.दोस्त,सखा–3
23.ख्वाब,स्वप्न–3
25.अपशिष्ट पदार्थ–2
26.जंगल की आग–4
29.पुत्र,लड़का–3
31.पैगंबर,महापुरुष–4
32.राय,वोट–2
34.आफिस,दफ्तर–4
35.वीज,वीर्य–2
37.घर,भवन–3
39.सप्तम–2
40.आक्रमण,हमला–4
41.बलवान,सबल–4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी–2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी–4
3.मौसम,ऋतु–2
4.खोदना–3
5.छुट्टी,अवकाश–2
6.उदास,दुखी–4
7.पंख,पराया–2
9.जहीनता–4
10.आवश्यकता–4
12.अभिमान,गरुर–2
14.अग्नि,अनल–2
16.विदा होना–3
18.कुशल–3
19.फलों का रस–2
21.संगम,मिलना–3
22.वायदा–2
24.हार,मात–4
25.स्वार्थी–4
27.दीवार (अंग्रेजी–2)
28.आदत–4
30.यमराज–2
31.उथल-पुथल–4
33.पदक–3
34.श्रवणेंद्रिय–2
36.जीत,विजय–2
38.छोटी सवारी गाड़ी–2
39.पत्नी की बहन–2

### शब्द पहेली- 5391 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | ■ | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | ■ | वे | ■ | कृ | पा | ण | ■ | र | म |
| वै | ■ | अ | दा | व | त | ■ | य | हां | ■ | जो |
| धा | रा | दा | र | ■ | ■ | अ | ■ | का | त | र |
| नि | ■ | व | ■ | प्र | क्षा | ल | न | ■ | म | ■ |
| क | म | त | र | ता | ■ | सा | ग | र | गा | मी |
| ■ | लि | ■ | स | र | मा | या | ■ | द | ■ | न |
| बे | का | बू | ■ | णा | ■ | ■ | व | न | वा | सी |
| क | ■ | आ | स | ■ | अ | द | र | क | ■ | लै |
| द | म | ■ | ब | हा | र | ■ | दा | ■ | ता | व |
| र | सा | त | ल | ■ | ज | ही | न | कु | श | ल |

## सूडोकू नवताल - 5402

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप




### हैंपशर में हिस्सा खरीद सकती है कैपिटल्स

**लंदन।** इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम इंग्लिश काउंटी क्रिकेट की हैंपशर टीम में हिस्सा खरीदने के लिये बातचीत की प्रक्रिया में है। रिपोर्ट के अनुसार हैंपशर के पूर्व अध्यक्ष रॉड ब्रांसग्रोव दिल्ली कैपिटल्स के सह मालिक जीएमआर समूह को यह काउंटी टीम बेचने के अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया, 'हैंपशर काउंटी क्रिकेट क्लब के अधिकांश शेयरों के मालिक इंडियन प्रीमियर लीग की दिल्ली कैपिटल्स टीम के सह मालिक को अपना हिस्सा बेचने के लिए आगे के दौर की बातचीत कर रहे हैं।'

### हमारा ध्यान मजबूत ताकत बनने पर

**रांची।** स्ट्राइकर लालरेमसियामी ने गुरुवार को कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले क्वालीफाइंग



टूर्नामेंट में ओलंपिक कोटा हासिल करने के इरादे से मजबूत आक्रामक ताकत बनने के लिए अपने कौशल को निखारने और अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की मूवमेंट में सामंजस्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यहां 13 से 19 जनवरी तक होने वाले आठ देशों के इस टूर्नामेंट में शीर्ष तीन में रहने वाली टीमें इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### नेपाल क्रिकेट संघ से लामिचाने निलंबित

**काठमांडो।** एक 18 वर्षीय युवती के बलात्कार के आरोप में आठ साल की जेल की सजा मिलने के बाद नेपाल के स्पिनर संदीप



लामिचाने को गुरुवार को देश के क्रिकेट संघ ने निलंबित कर दिया। काठमांडो जिला अदालत ने बुधवार को यह फैसला सुनाया और एक दिन बाद नेपाल क्रिकेट संघ ने यह घोषणा की। इसने कहा, 'हम आपको सूचित करते हैं कि संदीप लामिचाने को सजा मिलने के बाद उसे हर तरह की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधि से निलंबित कर दिया गया है।'

### राशिद की गैर मौजूदगी में दूसरों के पास मौका

**मोहाली।** अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला में राशिद खान की गैर



मौजूदगी में उनकी टीम के बाकी खिलाड़ियों के पास शानदार प्रदर्शन करके राशिद की तरह लोकप्रिय होने का मौका है। नवंबर में वनडे विश्व कप के बाद कमर की सर्जरी कराने वाले राशिद का नाम तो टीम में है लेकिन वह रिहैबिलिटेशन के कारण तीनों मैच नहीं खेल सकेंगे। ट्रॉट ने कहा, 'हमें राशिद की कमी खलेगी क्योंकि वह टीम के लिए पूरा पैकेज है। लेकिन यह भी देखना रोचक होगा कि उनके नहीं रहने पर कौन आगे बढ़कर दबाव झेलता है क्योंकि विश्व कप में अब कुछ ही महीने रह गए हैं।'

### निश्ना ने पेशेवर गोल्फ टूर में बनाई बढ़त

**पुणे।** निश्ना पटेल ने गुरुवार को यहां दूसरे दौर में पार 71 के स्कोर से 2024 महिला पेशेवर गोल्फ टूर के पहले चरण में बढ़त बरकरार रखी है। निश्ना का दो दौर के बाद कुल स्कोर पांच अंडर 137 है और उन्होंने हिताषी बक्शी पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है। हिताषी ने दूसरे दौर में एक अंडर 70 का स्कोर बनाकर अपने और निश्ना के बीच के अंतर को कम किया। निश्ना ने दूसरे दौर में एक बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर इवन पार रहा। हिताषी ने दूसरे दौर में चार बर्डी और तीन बोगी की।

# आस्ट्रेलियन ओपन : स्वियाटेक-केनिन में होगा पहला मैच, जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी तय नहीं

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

**मेलबर्न।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक को आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और दूसरे दौर में 2016 की चैंपियन एंजेलिक कर्बर या डेनियेले कोलिंस से टक्कर हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच का प्रतिद्वंद्वी अभी तय नहीं हुआ है। वह तीसरे दौर में एंटी मर्रे और क्वार्टर फाइनल में सातवीं रैंकिंग वाले स्टेफानोस सिटसिपास से खेलना पड़ सकता है।



### ओसाका से भिड़ेगी गार्शिया

*टूर्नामेंट के ड्रॉ गुरुवार को निकाले गए जिसमें पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका का सामना पहले दौर में 16वीं रैंकिंग वाली कैरोलिन गार्शिया से होगा। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉ भी इसी ड्रॉ में है। तीन बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन कर्बर का सामना कोलिंस से होगा जिसने 2022 में यहां स्वियाटेक को सेमीफाइनल में हराया था। गत चैंपियन एरिना सबालेंका का सामना पहले दौर में एक क्वालीफायर से होगा। क्वार्टर फाइनल में तीसरी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना की टक्कर पांचवीं रैंकिंग वाली जेसिका पेगुला से हो सकती है। वहीं पुरुष वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अलकाराज का सामना छठी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हो सकता है।*

### मुख्य ड्रा में पहुंचने से एक जीत दूर नागल



**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने गुरुवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में प्रवेश किया जिससे वह इस ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रा में पहुंचने से केवल एक जीत दूर हैं। नागल ने दूसरे क्वालीफाइंग मैच में आस्ट्रेलिया के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी एडवर्ड विंटर को एक घंटे चार मिनट में 6-3, 6-2 से पराजित किया। अब सत्र के शुरुआती ग्रैंडस्लैम में जगह बनाने के लिए 26 साल के भारतीय खिलाड़ी का सामना शुक्रवार को फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकोन से होगा।

### अफगानिस्तान पर भारत की 5वीं जीत, 3 मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे

**मुकेश और अक्षर ने झटके एक-एक विकेट, सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को इंदौर में**

# शिवम दूबे का अर्धशतक, भारत छह विकेट से जीता

भाषा ▶▶| मोहाली

भारत ने शिवम दूबे (नाबाद 60 रन) की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी से गुरुवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में अफगानिस्तान पर छह विकेट की आसान जीत से तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी। अनुभवी मोहम्मद नबी और युवा अजमतुल्लाह ओमरजई के बीच 43 गेंद में 68 रन की साझेदारी से अफगानिस्तान ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पांच विकेट पर 158 रन बनाये। पर यह लक्ष्य इतना बड़ा नहीं था और भारत ने 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन बनाकर जीत हासिल की। एशियाई खेलों के बाद अपना पहला टी20 खेल रहे दूबे और तिलक वर्मा (22 गेंद में 26 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 29 गेंद में 44 रन जोड़े जिससे भारत ने चार ओवर में सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवाने के बावजूद लय हासिल की। पारी की दूसरी ही गेंद पर कप्तान रोहित शर्मा गफलत का शिकार हुए जिनकी 14 महीने बाद टी20 टीम में वापसी हुई। रोहित ने एक रन लेने के लिए शुभमन गिल (23 रन) को पुकारा लेकिन वह मिड ऑफ पर देख रहे थे और उन्होंने रोहित को भागते हुए नहीं देखा। गिल अपनी क्रीज पर खड़े रहे और फिर रोहित भी उनकी तरफ पहुंच गये। विकेटकीपर ने थ्रो लेकर आसान रन आउट किया। इसके बाद रोहित अपनी नाराजगी छिपा नहीं सके। गिल (12 गेंद, पांच चौके) चौथे ओवर में मुजीबुर रहमान की गेंद का शिकार हो गये। नीची गेंद को खेलने की कोशिश में गिल आगे आये और विकेटकीपर को स्टंपिंग का मौका मिला। दूबे और तिलक वर्मा की साझेदारी अजमतुल्लाह ओमरजई ने तोड़ी। भारत में वनडे विश्व कप में अपनी हरफनमौका काबिलियत से प्रभावित करने वाले ओमरजई की गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग में उठाने की कोशिश में गुलबदीन नईब को कैच देकर आउट हुए। नईब को रोशनी के कारण गेंद देखने में परेशानी हुई और कैच लपकने के लिए वह आगे आकर एक कदम पीछे गये और सही समय पर हाथ उठाये। भारत ने 72 रन पर तीसरा विकेट गंवाया। चोटिल हार्दिक पंड्या के बैकअप के तौर पर शामिल हुए दूबे ने इस दौरान नबी पर डीप मिडविकेट के ऊपर और नवीनुल हकपर डीप बैकवर्ड स्क्वायर पर छक्का जड़ा। उन्होंने मैच का अंत सीधे छक्का और फिर फाइन लेग पर चौका जड़कर शानदार तरीके से किया।



#### अफगानिस्तान

| | |
|---|---|
| रहमनुल्लाह गुरबाज स्ट जितेश बो पटेल | 23 |
| इब्राहिम जदरान का रोहित बो दूबे | 25 |
| अजमतुल्लाह ओमरजई बो मुकेश कुमार | 29 |
| रहमत शाह बो पटेल | 03 |
| मोहम्मद नबी का रिंकू सिंह बो मुकेश कुमार | 42 |
| नजीबुल्लाह जदरान नाबाद | 19 |
| करीम जनत नाबाद | 09 |
| अतिरिक्त : | 08 |

**कुल** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन
**विकेट पतन** : 1-50, 2-50, 3-57, 4-125, 5-130
**गेंदबाजी** : अर्शदीप सिंह 4-1-28-0, मुकेश कुमार 4-0-33-2, अक्षर पटेल 4-0-23-2, वाशिंगटन सुंदर 3-0-27-0, शिवम दूबे 2-0-9-1, रवि बिश्नोई 3-0-35-0

#### भारत

| | |
|---|---|
| रोहित शर्मा रन आउट | 00 |
| शुभमन गिल स्ट गुरबाज बो मुजीबुर रहमान | 23 |
| तिलक वर्मा का नईब बो ओमरजई | 26 |
| शिवम दूबे नाबाद | 60 |
| जितेश शर्मा का जदरान बो मुजीबुर रहमान | 31 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 16 |
| अतिरिक्त : | 03 |

**कुल** : 17.3 ओवर में चार विकेट पर 159 रन
**विकेट पतन** : 1-0, 2-28, 3-72, 4-117
**गेंदबाजी** : फजलहक फारूकी 3-0-26-0, मुजीबुर रहमान 4-1-21-2, मोहम्मद नबी 2-0-24-0, नवीनुल हक 3.3-0-43-0, अजमतुल्लाह ओमरजई 4-0-33-1, गुलबदीन नईब 1-0-12-0



### सात्विक-चिराग मलेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत हारे

**कुआलालम्पुर।** भारत के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि किदाम्बी श्रीकांत दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी सात्विक और चिराग ने फ्रांस के 36वीं रैंकिंग वाले लुकास कोरवी और रोनान लबार को 21-11, 21-18 से हराया। पिछले साल छह खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी का सामना अब चीन के ही जि तिंग और रेन शियांग यू से होगा। पिछले महीने गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 खिताब जीतने वाली अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो की जापान की सातवीं वरीय जोड़ी को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर उलटफेर किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अपना दावा मजबूत किया।

### अश्वनी-तनीषा की उलटफेर भरी जीत

हाल ही में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी अश्वनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो ने बड़ा उलटफेर करते हुए सातवीं वरीय जापानी जोड़ी वकाना नागाहारा और मायु मात्सुमोतो को 21-19, 13-21, 21-15 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अश्वनी और तनीषा का क्वार्टर फाइनल में



अन्य जापानी जोड़ी रिन इवांगा-की नाकानिशी से होगी। इस जीत से दोनों के पेरिस ओलंपिक में क्वालिफाई करने के अवसर काफी बढ़ गए हैं। विश्व नंबर 24 श्रीकांत ने अच्छी शुरुआत कर 6-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन यहां से उन्होंने लगातार छह अंक खोए और मैच का पासा पलट गया।

## अमन ने जगरेब ओपन में जीता स्वर्ण, वान्हाओ को 10-0 से रौंदा




एजेंसी ▶▶| जगरेब

भारतीय पहलवान अमन सेहरावत ने जगरेब ओपन रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट में चीन के दुनिया के सातवें नंबर के पहलवान वान्हाओ जोउ को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेहरावत ने तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से विवादों से जूझ रहे भारतीय कुश्ती जगत के लिए यह अच्छी खबर रही।

भारतीय दल यहां युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग के बैनर में खेल रहा है क्योंकि समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण भारतीय कुश्ती महासंघ को पिछले साल निलंबित कर दिया गया था। 13वीं रैंकिंग वाले अमन ने तुर्किए के मुहम्मद कारावुस के खिलाफ 15-4 से जीत के साथ आगाज किया।

हांगझोउ एशियाई खेलों में 57 किलोवर्ग में कांस्य पदक जीतने वाले अमन ने 19वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के रिचर्ड्स जेन राये रोड्स को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंतिम चार में उन्होंने जॉर्जिया के रॉबर्टी डी को 11-0 से मात दी। वहीं फाइनल में जोउ को हराया।

## मुक्केबाजी महासंघ आयोजित करेगा 'टैलेंट हंट' कार्यक्रम

***नई दिल्ली।*** *भारतीय मुक्केबाजी महासंघ विद्युत कंपनी आरईसी लिमिटेड के साथ मिलकर पुणे के सैन्य खेल संस्थान में 'वेस्टर्न ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह एलीट और युवा वर्ग की प्रतियोगिता 12 से 19 जनवरी तक होगी। बीएफआई ने पूरे देश में पुरुष और महिला मुक्केबाजों दोनों के लिए एलीट, युवा, जूनियर और सब-जूनियर वर्गों के लिए चार 'ओपन' शुरुआती टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना*



*बनाई है जिस कड़ी में यह पहली प्रतियोगिता होगी। इन टूर्नामेंट में अपना कौशल दिखाने के लिए कोई भी मुक्केबाज भाग ले सकता है। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने कहा, 'बीएफआई और आरईसी भारतीय मुक्केबाजी के विकास के लिये प्रतिबद्ध हैं और यह 'आरईसी ओपन टैलेंट हंट' कार्यक्रम देश भर की उभरती हुई प्रतिभा को पहचानने और उन्हें तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जिन मुक्केबाजों के पास कौशल और काबिलियत है, यह उनके लिए प्रभावित करने का बड़ा मौका है।'*

## रिदम ने भारत के लिए हासिल किया 16वां ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

रिदम सांगवान पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की 16वीं निशानेबाज बन गई जिन्होंने यहां एशियाई क्वालीफायर में 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में कांस्य पदक जीता। इसके साथ ही भारत अब ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी में अपना सबसे बड़ा दल भेजेगा। भारत ने जुलाई अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में निशानेबाजी के लिए सबसे ज्यादा कोटा हासिल कर लिए हैं। इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत के 15 निशानेबाजों ने भाग लिया था। एशियाई क्वालीफायर में भारत का यह तीसरा ओलंपिक कोटा है।



**रिदम ने जीता कांस्य पदक**

इससे पहले ईशा सिंह और वरुण तोमर 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और पुरुष वर्ग में कोटा हासिल कर चुके हैं। रिदम फाइनल में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही लेकिन यह उन्हें पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाने के लिए काफी था। चीन की यांग जिन को 41 अंक के साथ स्वर्ण और कोरिया की किम येजी को 32 अंक के साथ रजत पदक मिला। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में यह रिदम का दूसरा कांस्य पदक है। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में भी तीसरा स्थान हासिल किया था। इस वर्ग में वह ओलंपिक कोटा हासिल नहीं कर सकी थी।

### टी20 विश्व कप को लेकर पूर्व भारतीय आल राउंडर रैना का अनुमान

# कोहली, रोहित की मौजूदगी से भारत मजबूत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पूर्व भारतीय आल राउंडर सुरेश रैना ने विश्व कप को देखते हुए अनुभवी रोहित शर्मा और विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम में शामिल करने को गुरुवार को समझदारी भरा फैसला करार दिया। रोहित और कोहली की 14 महीने बाद भारत की टी20 टीम में वापसी हुई है। रैना ने कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती मिलेगी। रैना 'जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18' में विशेषज्ञ हैं, उन्होंने कहा, 'अगर आप विश्व



कप के अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्टेडियम को देखो तो विकेट थोड़ा पेचीदा होगा। भारत को वहां पर रोहित और कोहली के अनुभव की जरूरत होगी। कोहली टी20 क्रिकेट में 12,000 रन बनाने के करीब हैं। इसलिए इनकी मौजूदगी से भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी और भारत की टी20 विश्व कप में जीतने की संभावना भी निश्चित रूप से बेहतर होगी। वनडे विश्व कप में उनकी फॉर्म बहुत अच्छी थी और बतौर कप्तान रोहित की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों का जज्बा मजबूत होता है।' रैना की राय में कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करानी चाहिए और पारी का आगाज करने की जिम्मेदारी रोहित और यशस्वी जायसवाल की होनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कोहली को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम में युवा और निर्भीक क्रिकेटर जैसे जायसवाल, रिंकू सिंह या शुभमन गिल मौजूद हैं लेकिन रोहित और कोहली बल्लेबाजी इकाई को मजबूती देंगे।'

### रिंकू निर्भीक क्रिकेटर

भारत की 2007 और 2011 विश्व कप जीत में टीम का हिस्सा रहे रैना ने रिंकू की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'रिंकू को जो भी मौके मिले हैं, उसने उसमें काफी अच्छा किया है, उसने बतौर फिनिशर भी काफी सूझबूझ का परिचय दिया है। वह निर्भीक क्रिकेटर है। उसका रहना महत्वपूर्ण है और अगर ऋषभ पंत विश्व कप के लिए समय रहते फिट हो जाते हैं तो टीम के पास एक और मैच विजेता होगा।' रैना ने विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए संजू सैमसन को अपनी पहली पसंद बताते हुए उन्हें 'एक्स फैक्टर' करार दिया।

## किशोर, मीराबाई चानू की ट्रेनिंग को दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने गुरुवार को एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भाला फेंक एथलीट किशोर कुमार जेना के आस्ट्रेलिया में ट्रेनिंग के प्रस्ताव को और टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मीराबाई चानू की अमेरिका में एक महीने लंबी 'रिहैब' ट्रेनिंग को मंजूरी दी। जेना आस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में 78 दिन तक ट्रेनिंग करेंगे जबकि चानू सेंट लुईस में ट्रेनिंग के लिए अमेरिका जाएंगी। वह डॉक्टर एरोन होर्शिग के साथ नियमित सत्र करेंगी और उनके साथ मुख्य कोच विजय शर्मा भी होंगे। मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'खेल मंत्रालय टॉप्स योजना के अंतर्गत जेना,



उनके कोच और फिजियो के हवाई किराए, रहने और खाने का खर्चा उठाएगा। इसके अलावा उनकी ट्रेनिंग, मालिश की सुविधा, चिकित्सा और स्थानीय यात्रा के खर्चे के साथ चिकित्सा बीमा का खर्चा भी वहन करेगा।' इसमें कहा गया, 'मंत्रालय टॉप्स के अंतर्गत मीराबाई और उनके कोच के हवाई किराए, रहने और खाने का खर्चा, जिम का खर्चा, चिकित्सा बीमा तथा अन्य खर्चे उठाएगा।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## आतंकी ढांचे को सीमा पार से मिल रही मदद पर विराम लगाना जरूरी

**राजौरी और पुंछ में विरोधी दे रहा आतंकवाद को बढ़ावा, सेना प्रमुख ने बताया चिंताजनक**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे ने देश को बॉर्डर के हालात पर दिल्ली में कहा कि पिछले 5-6 महीनों में राजौरी और पुंछ में स्थिति और आतंकवादी गतिविधियां हमारे लिए चिंता का विषय रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील है। सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि हम सैन्य, राजनयिक स्तर पर बातचीत जारी रखे हैं। वहीं, पूर्वी लद्दाख विवाद पर सेना प्रमुख ने कहा कि हमारे पास किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त रक्षा बल हैं। जनरल पांडे ने कहा कि घुसपैठ की कोशिशें हुई हैं, इसके बावजूद नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम कायम है।

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशें नाकाम

*वहीं, जम्मू-कश्मीर की स्थिति पर सेना प्रमुख ने कहा कि हम एलओसी पर घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर रहे हैं, जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में हिंसा में काफी गिरावट आई है। जनरल मनोज पांडे ने कहा कि 2003 तक, इस क्षेत्र में आतंकवाद पूरी तरह से फैल गया था पर 2017-18 तक वहां शांति स्थापित की गई। चूंकि, घाटी में शांति आ रही है। ऐसे में हमारे विरोधी क्षेत्र में फेक आइडेंटिटी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना राजौरी पुंछ क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ाने की कोशिश कर रही है।*

## पीएम मोदी और चेक गणराज्य के पीएम फियाला ने की द्विपक्षीय बैठक

# व्यापार और रक्षा क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर करेंगे सहयोग

*दोनों देश करेंगे रक्षा क्षेत्र में नवाचार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक में कहा कि हमने व्यापार, ऊर्जा, विज्ञान, नवाचार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की। चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में हिस्सा लेने के लिए 9 से 11 जनवरी तक भारत के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने 10वें वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन 2024 के मौके पर चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुख्य तौर पर ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की हैं।

**खास बातें**

- चेक गणराज्य के पीएम फियाला पहुंचे समिट में
- रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में निर्माताओं के साथ साझेदारी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र फियाला ने द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत और चेक गणराज्य के बीच संबंधों की समीक्षा की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।*



**द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा**

संयुक्त बयान में कहा गया कि कई चेक कंपनियों ने मेक इन इंडिया पहल के अंतर्गत रक्षा, रेलवे और विमानन क्षेत्रों में भारतीय निर्माताओं के साथ साझेदारी की है। संयुक्त वक्तव्य का उद्देश्य स्टार्ट-अप और नवाचार, साइबर-सुरक्षा, डिजिटल डोमेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा, परमाणु ऊर्जा और सर्कुलर अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की सहयोग भरी विशेषज्ञता का लाभ उठाना है।

» यूएई-भारत सीईपीए की वेबसाइट लांच

» व्यापारियों ने दिखाई खाद्य उद्योग में रुचि

### 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर व्यापार का लक्ष्य

*दोनों देशों ने जुलाई 2023 में स्थानीय मुद्रा निपटान की प्रणाली अपनाई जो निर्यातकों और आयातकों को उनकी घरेलू मुद्राओं में भुगतान करने की सुविधा देता है। यह कदम न केवल दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बना रहा है बल्कि आपसी विश्वास को बढ़ावा दे रहा है। यूएई-भारत बिजनेस शिखर सम्मेलन द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को आगे बढ़ाने, आपसी विकास और समृद्धि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 2030 तक 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह सम्मेलन दोनों देशों के मनोबल बढ़ाने में सहायक हो सकती है।*

### द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने भारत यूएई बिजनेस शिखर सम्मेलन

बिजनेस शिखर सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात भारत सीईपीए परिषद वेबसाइट का औपचारिक से शुभारंभ किया। यह कदम दोनों देशों के बीच न केवल आर्थिक सहयोग बल्कि व्यापारिक संबंधों को आगे बढ़ाने में भी मददगार साबित होगा। बता दें कि वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के इस संस्करण के मुख्य अतिथि के तौर पर यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शामिल रहे।

## सुनक को भेंट की राम दरबार की मूर्ति

**'10 डाउनिंग स्ट्रीट' में हुई दोनों की मुलाकात**



एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से प्रधानमंत्री आवास सह कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में मुलाकात की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक संबंधों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। सिंह ने बैठक के दौरान, ब्रिटेन के प्रथम हिंदू प्रधानमंत्री सुनक को राम दरबार की एक मूर्ति भी भेंट की। बैठक में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी शामिल हुए। सुनक ब्रिटेन और भारत के तालमेल के साथ काम करने की जरूरत पर राजनाथ से सहमत हुए और उम्मीद जताई कि मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पर जारी बातचीत को जल्द ही सफलतापूर्वक निष्कर्ष पर पहुंचाया जाएगा।

### रक्षा साझेदारी में सकारात्मक परिणाम

भारत और ब्रिटेन एफटीए के लिए अभी 14वें दौर की वार्ता कर रहे हैं। इस समझौते का लक्ष्य 36 अरब ब्रिटिश पौंड की द्विपक्षीय साझेदारी को बढ़ाना है। समझा जाता है कि सुनक ने भी द्विपक्षीय साझेदारी के तहत रक्षा व सुरक्षा संबंध प्रगाढ़ करने की अपनी सरकार की इच्छा को रेखांकित किया।




**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda2wheelersindia.com

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-29963627/28, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** One Honda (Meenakshi Garden) - 9120100400, 8448071888; Punjabi Bagh - 8448080272; Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** Smooth Honda (Daryaganj) - 011-48119999, 8010209992, 9873069992; J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 955500730; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 281455, 09568519999; Shri Masha Honda (Sikandrabad) - 8477004028; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751; KLA Honda (Khurja) - 9837098515, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721; Veer Honda (Shikarpur) - 7536810266; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **KALANAUR:** Kamakshi Honda - 9034655187; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**